हरिभूमि
संस्कारधानी भूमि
रायपुर, बुधवार 19 मार्च 2025



# एमआईसी को लेकर महापौर और संगठन के बीच खींचतान, अटकी सूची

## निगम अध्यक्ष चुनाव के एक हफ्ते के भीतर गठन के आदेश की भी उड़ रही धज्जियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

प्रदेश के अन्य सभी निगम में एमआईसी सदस्यों की सूची जारी होने के बाद भी राजनांदगांव नगर निगम की एमआईसी की लिस्ट जारी नहीं हो पाई है। हर गुजरते दिन के साथ ही एमआईसी को लेकर इंतजार बढ़ता ही जा रहा है। पार्टी सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार महापौर मधुसूदन यादव और संगठन के नेताओं में समन्वय नहीं बन पाने के चलते सूची अटकी हुई है। अपने-अपने समर्थकों को एमआईसी में रखने के लिए वरिष्ठ नेताओं द्वारा जमकर दबाव बनाया जा रहा है, परन्तु महापौर अपनी पसंद के पार्षदों को इसमें रखना चाहते हैं। मिली जानकारी के अनुसार संगठन स्तर पर कई बैठकें भी इसको लेकर हो चुकी है। एक ऐसी ही अनऔपचारिक बैठक बीते शनिवार को भाजपा कार्यालय में की गई। जिसमें भी कुछ वरिष्ठ नेताओं ने एमआईसी को लेकर अपने समर्थकों के नाम आगे बढ़ाए हैं। दूसरी ओर महापौर मधुसूदन यादव ने अपनी पसंद के अनुसार एमआईसी सूची बनाकर संगठन के साथ ही विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह को भेज दी है। अब इस सूची में बदलाव के लिए ही संगठन के कुछ नेता कवायद कर रहे हैं। मेरा-तेरा के चलते ही सूची आने में देरी की जा रही है।

### सभी वर्ग से लिए जाएंगे पार्षद

महापौर और निगम अध्यक्ष ओबीसी वर्ग से होने के चलते अब एमआईसी में सामान्य वर्ग के पार्षदों को अधिक महत्व देने का दबाव बढ़ गया है। 10 सदस्यों वाली एमआईसी में सर्वाधिक संख्या सामान्य वर्ग के पार्षदों की हो सकती है। वहीं ओबीसी वर्ग से भी 3 से 4 चेहरे शामिल किए जा सकते हैं। एसटी-एससी वर्ग से भी 1 से 2 नाम शामिल होंगे। 10 में से तीन से चार महिलाओं को भी स्थान मिल सकता है।

### आज-कल में होगा ऐलान

भाजपा के एक सूत्र के अनुसार भले ही एमआईसी को लेकर जोरदार खींचतान चल रही हो, लेकिन इसके बाद भी लगातार बढ़ती अवधि को देखते हुए आज या कल में एमआईसी की सूची जारी की जा सकती है। सूची जारी करने को लेकर लगातार दबाव बढ़ रहा है। ऐसे में प्रदेश स्तर के नेताओं के दखल देने के बाद विवाद को सुलझाकर सूची जारी की जाएगी।



### वरिष्ठता को मिलेगा अवसर

पार्टी के एक सूत्र ने बताया कि प्रदेश स्तर से मिले दिशा-निर्देश अनुसार वरिष्ठ पार्षदों को एमआईसी में प्राथमिकता दी जानी है। यही कारण है कि तीन से चार दफा पार्षद बन चुके सदस्यों को इसमें रखने का दबाव बढ़ गया है। इनमें शिव वर्मा, मणिभास्कर गुप्ता, बीना ध्रुव, केवरा विजय राय, वर्षा शरद सिन्हा शामिल है। इनके अलावा दूसरी बार पार्षद बनने वाले राजेश जैन, खेमिन यादव, कमलेश बंधे के नाम भी शामिल हैं।

## घर में ही मृत मिला था बेटा, सिर और सीने में पत्थर से हमले से हुई थी मौत

# शराब पीकर गाली-गलौज करने से परेशान सौतेली मां ने बेटे पर पत्थर पटककर की हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरिया

बेटे द्वारा आए दिन शराब पीकर घर में आकर गाली-गलौज किए जाने से परेशान सौतेली मां ने घर में रखे पत्थर से हमला कर उसकी हत्या कर दी। घटना की खबर के बाद गांव में सनसनी फैल गई थी। पुलिस ने इस मामले का खुलासा करते आरोपिया को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार छुरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत 17 मार्च को छुरिया पुलिस को सूचना मिली कि ग्राम पैरीटोला में योगेन्द्र कंवर पिता गोविंद कंवर 22 साल साकिन पैरीटोला अपने घर कमरे के जमीन में मृत हालत में पड़ा हुआ है। सूचना मिलने पर पुलिस घटनास्थल पहुंची। मौके पर एफएसएल प्रभारी डॉ. चिरंजीव चन्द्रा एवं डॉग दुलार को मौका मुआयना हेतु बुलाया गया। आरोपी अज्ञात होने से वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा आरोपी की पतासाजी हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के मार्गदर्शन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा एवं प्रभारी अनुविभागीय अधिकारी पुलिस डोंगरगढ़ दिलीप सिसोदिया के दिशा-निर्देश में थाना प्रभारी छुरिया निरीक्षक संतोष कुमार भुआर्य एवं स्टाफ छुरिया द्वारा बारिकी से घटनास्थल एवं शव निरीक्षण किया गया।



### पत्थर सहित साड़ी जब्त

आरोपिया की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त एक नग पत्थर खून लगा, 1 नग पोछा कपड़ा खून लगा एवं 1-1 नग साड़ी व ब्लाउज खून लगा जब्त किया गया। आरोपिया को विधिवत महिला अधिकारी के समक्ष गिरफ्तार किया गया। जिसके खिलाफ कार्रवाई की गई। उक्त कार्रवाई में निरीक्षक संतोष भुआर्य, निरीक्षक विनय पम्मार, सहायक उपनिरीक्षक एपीशीला, प्रधान आरक्षक शिशुपाल भालाधरे, महिला आरक्षक रामेश्वरी राजपूत, कुसुम एक्का, आरक्षक देवीप्रसाद साहू, फुलेन्द्र राजपूत, अश्वन वर्मा, योगेश साहू एवं थाना स्टाफ छुरिया का विशेष योगदान रहा।

### पत्थर से हमला, आरोपिया गिरफ्तार

मृतक योगेन्द्र कंवर पिता गोविंद कंवर 22 साल साकिन पैरीटोला की मृत्यु सिर एवं सीने में प्राणघातक चोंट पहुंचाने से होना पाया गया। परिस्थितिजन्य साक्ष्य एवं संदेह के आधार पर मृतक की सौतेली मां आरोपिया से मनोवैज्ञानिक तरीके से गवाहों के समक्ष पूछताछ कर मेमोरंडम कथन लिया गया। आरोपिया द्वारा मृतक योगेन्द्र कंवर द्वारा शराब पीकर अक्सर गाली-गलौज करने से परेशान होकर हत्या करने की नियत से घर में रखे पत्थर से सीने एवं सिर में प्राणघातक चोंटे पहुंचाकर हत्या करना बताई।

# अधिकृत प्रत्याशी को नामांकन भरने से रोका, उपाध्यक्ष सहित 3 को नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

डोंगरगांव नगर पंचायत में उपाध्यक्ष को लेकर हुए चुनाव में भाजपा द्वारा अधिकृत प्रत्याशी पुरषोत्तम साहू को नामांकन दाखिल करने से रोकने को लेकर भाजपा संगठन ने नपं उपाध्यक्ष रोहित गुप्ता सहित तीन लोगों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। नोटिस का जवाब आने के बाद मामले को प्रदेश संगठन तक पहुंचाया जाएगा, जहां से आगे के एक्शन का निर्णय होगा।

डोंगरगांव नगर पंचायत में चुनाव में भाजपा संगठन ने बैठक के बाद पार्षद पुरषोत्तम साहू को अपना प्रत्याशी घोषित किया था। उपाध्यक्ष के चयन को लेकर बैठक में भी प्रत्याशी चयन को लेकर नेताओं के बीच खींचतान देखने को मिली थी। अधिकांश नेताओं का समर्थन होने के बाद ही पर्यवेक्षक सौरभ कोठारी ने पुरषोत्तम साहू के नाम की घोषणा की थी। बताया गया कि स्थानीय नेताओं में भी रोहित गुप्ता के नाम को लेकर विरोध देखने को मिला था। उन्हें नामांकन दाखिल करने के लिए अन्य दो पार्षद की आवश्यकता थी, लेकिन रोहित गुप्ता ने पार्टी के निर्देश के खिलाफ जाकर स्वयं उपाध्यक्ष का नामांकन दाखिल कर दिया।

वहीं भाजपा के अधिकांश पार्षद भी उनके समर्थन में थे। ऐसे में भाजपा के अधिकृत प्रत्याशी पुरषोत्तम साहू का नामांकन फार्म प्रस्तावक एवं समर्थक नहीं होने के कारण रद्द हो गया। भाजपा के ही रोहित गुप्ता उपाध्यक्ष का चुनाव जीत गए।

### इनको नोटिस

भाजपा संगठन से मिली जानकारी के अनुसार इस मामले में एक्शन लेते हुए जिला भाजपा ने तीन लोगों को नोटिस जारी की है। इसमें नगर पंचायत उपाध्यक्ष रोहित गुप्ता, पार्षद प्रफुल्ल जैन के साथ धनराज गुप्ता को नोटिस जारी की है। इनसे 24 घंटे के भीतर जवाब मांगा गया है। इन तीन पर आरोप है कि इन्होंने दबावपूर्वक अधिकृत प्रत्याशी को नामांकन दाखिल करने नहीं दिया। जवाब मिलने के बाद इस मामले की फाईल बनाकर प्रदेश संगठन को भेजा जाएगा।






## खबर संक्षेप

### पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ 23 को

**डोंगरगांव।** ग्राम चिरचारीखुर्द में अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज के मार्गदर्शन में एक दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन 23 मार्च को किया गया है। रविवार को सुबह 8 बजे से देव आह्वान, देव पूजन, पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ एवं विभिन्न संस्कार संपन्न कराया जाएगा। शाम 4 बजे से संगीतमय दीप महायज्ञ संपन्न होगा।तत्पश्चात विसर्जन एवं टोली की विदाई होगी।

### सरपंच सौरभ का सम्मान



**पटेवा।** ग्राम पंचायत सलोनी (केकराबोड़) के नवनिर्वाचित सरपंच सौरभ कुमार साहू का सम्मान जिला साहू संघ केसीजी द्वारा किया गया। जिला साहू संघ केसीजी द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह एवं साहू समाज के नवनिर्वाचित प्रतिनिधियों के सम्मान समारोह में सरपंच साहू का श्रीफल, गमछा एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर गर्मजोशी के साथ सम्मान किया गया। सरपंच श्री साहू खैरागढ़ विकासखंड के साहू समाज से सबसे कम उम्र के सरपंच बने हैं।

### ग्राम विकास समिति का गठन



**सोमनी।** ग्राम पंचायत परमालकसा में रविवार को गांव में बैठक रखा गया। बैठक में ग्राम एवं शीतला विकास समिति का गठन सर्वसम्मति से किया गया। समिति में सर्वसम्मति से भुनेश्वर साहू अध्यक्ष, देवीचंद मारकंडे उपाध्यक्ष, धन्नेलाल मारकंडे कोषाध्यक्ष, अनिल कुमार साहू सचिव, भूषणलाल साहू छोटे सह-सचिव, संरक्षण नारायणलाल साहू, वेदांत साहू, बुधराम साहू, संचालक माखनलाल साहू एवं सदस्य छोटेलाल बंजारे, टिकेश्वर बांधे, हिरेन्द कुमार साहू मनोज नायक, भूषणलाल साहू को बनाया गया है। इस मौके पर सार्वजनिक जगह जैसे स्कूल परिसर, नाला, तलाब, पंचायत भवन, अन्य भवन के पास बैठकर शराब पीने, गली-गलौज करने पर रोक, शराब की बोतल फोड़ने पर 1000 जुर्माना, बोर एवं सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने पर कार्रवाई करने का निर्णय लिया गया। यह जानकारी सरपंच प्रतिनिधि रामकिसुन साहू ने दी।

### पालिका अध्यक्ष रमन ने सम्हाला कार्यभार

# सफाई पर कसी नकेल, पेयजल आपूर्ति के लिए बनी कार्ययोजना

### राजस्व वसूली में तेजी लाने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

नवनिर्वाचित पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे ने आज विधिवत कार्यभार संभाल लिया। पहले ही दिन उन्होंने ताबड़तोड़ बैठक लेकर अधिकारी-कर्मचारियों को दिशा-निर्देश दिए। बैठक में पालिका अधिकारी चंद्रकांत शर्मा, उपाध्यक्ष उमा महेश वर्मा, पार्षद हरीश मोटघरे, डी. एकेश राव, अनीश निर्मलकर, भूपेंद्र मरकाम, राजेंद्र सेन, मेनका कंडरा सहित विभागीय कर्मचारियों की उपस्थिति में उन्होंने शहर में साफ-सफाई एवं मच्छरों से निजात दिलाने नालियों में लारवा हिट तथा ब्लीचिंग पावडर का छिड़काव करने के निर्देश दिए। गर्मी को देखते शहर में बिजली एवं पानी की समुचित व्यवस्था के लिए भी जल शाखा एवं विद्युत शाखा को अलर्ट मोड पर कार्य करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि आने वाली भीषण गर्मी को दृष्टिगत रखते पानी की समस्या से निजात दिलाने जिन वार्डों में पानी की समस्या रहती है, वहां पानी की सप्लाई टैंकरों के माध्यम से करने के निर्देश दिए। इसके अलावा राजस्व शाखा के कर्मचारियों को अनिवार्य रूप से वसूली कार्य में शत-प्रतिशत वृद्धि करने की समझाइस दी। उन्होंने कहा कि बिना राजस्व के कोई भी कार्य संपादित नहीं होगा, इसलिए लंबित भुगतान समय पर हो ऐसी व्यवस्था हमें सुनिश्चित करनी पड़ेगी। 31 मार्च के पूर्व शत-प्रतिशत वसूली करने के निर्देश श्री डोंगरे ने दिए।




#### नहीं हो रही राजस्व की वसूली

ज्ञात हो कि पालिका में कर्मचारियों को हमेशा वेतन के लाले पड़े रहते हैं, किंतु फिर भी राजस्व अमला अपने कार्यों को संपादित करने में रूचि नहीं दिखता। जिसके चलते वसूली में लगातार पालिका पिछड़ते जा रही है। राजस्व वसूली में करोड़ों रुपए की राशि बकाया है। जिससे पालिका को आर्थिक नुकसान भी हो रहा है और कर्मचारियों को वेतन भी नहीं मिल रहा। यदि राजस्व विभाग की वसूली समय रहते पूर्ण कर ली गई तो आर्थिक तंगी से पालिका को निजात मिल सकेगी।

#### मेले की तैयारियां

रमन डोंगरे ने कहा कि आने वाले चैत्र नवरात्रि पर्व को देखते शहर में लाखों की तादाद में दर्शनार्थियों एवं आगंतुकों का आगमन होना है, इसलिए मुख्य रूप से सफाई, पेयजल व विद्युत की व्यवस्था को सुदृढ़ किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि आने वाले दर्शनार्थियों को परेशानी का सामना न करना पड़े, इसका प्रत्येक पालिकाकर्मी विशेष ध्यान रखें और अपने-अपने विभाग के कार्य को समय अनुसार सफलतापूर्वक संपादित कर लें। उन्होंने चेतावनी देते कहा कि समय पर कार्य नहीं करने वाले कर्मचारी को परेशानी का सामना करना होगा, इसलिए समय रहते विभाग के कार्यों में रूचि लेकर अपने कार्यों को शत-प्रतिशत सफलतापूर्वक संपादित करें।

# विक्रांत के प्रयास से ग्राम पंचायतों को जारी हुई राशि

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

जिले के ग्राम पंचायतों को भीषण गर्मी से निपटने राहत भरी खबर निकलकर सामने आई है जिसमे ग्राम पंचायतों को 15 वे वित्त की राशि शासन द्वारा जारी की गई है।

वर्तमान में कई ग्राम पंचायतों में राशि नहीं होने के कारण इस वर्ष गर्मी में पेयजल व निस्तारी समस्या से निपटने के लिए नए सरपंचों के लिए चुनौती साबित हो रही थी। जिले के अधिकतर ग्राम पंचायतों के प्रतिनिधि भी लगातार जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह को अपने अपने गांव की पेयजल व निस्तारी समस्या से अवगत करा रहे थे। मामले की गंभीरता को देखते हुए जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने उच्च अधिकारियों से संपर्क करते हुए 15 वे वित्त की राशि के सम्बंध में अवगत कराया और तत्काल ग्राम पंचायतों में राशि दिलाने का प्रयास किया जिसके बाद गर्मी से राहत दिलाने के लिए सभी पंचायतों को राशि जारी कर दी गई हैञ। उक्त राशि से काफी हद तक ग्रामीणों को पेयजल संकट से छुटकारा मिल सकता है वही ग्राम पंचायतों द्वारा ग्राम के निजी बोरवेल से तालाब भरान सहित निस्तारी की समस्या से निजात मिल सकता है। गौरतलब है कि कई ग्राम पंचायतों में पिछले एक माह से पेयजल समस्या शुरू हो गई है। जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने कहा कि इस वर्ष अधिकतर ग्राम पंचायतों में पेयजल संकट की समस्या शुरू हो गई है लेकिन ग्राम पंचायतों को राशि जारी होने से मोटर पंप खरीदी, मरम्मत सहित निस्तारी समस्या से निजात मिलने की संभावना है। उन्होने राशि जारी होने पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री अरुण साव, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, सांसद संतोष पांडेय सहित प्रभारी मंत्री लखन लाल देवांगन का आभार व्यक्त किया है।

### लमरा में सिविक एक्शन कार्यक्रम आयोजित

**डोंगरगढ़।** ृअृ समवाय सीओबी 40वीं वाहिनी भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल द्वारा 17 मार्च को अनंत नरायण दत्ता कमांडेंट 40वीं भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल के मार्गदर्शन में सिविक एक्शन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। मौके पर ृअृ समवय भारत-तिब्बत सीमा पुलिस बल बकरकट्टा के जवानों ने स्थानीय गांव लमरा में गरीब बुजुर्ग, महिला एवं युवाओं को कंबल, साड़ी, तौलिया एवं लूंगी का वितरण किया। इस अवसर पर बकरकट्टा सीओबी कमांडर अगस्टीन बा, असिस्टेंट कमांडेंट, 40वीं वाहिनी भातिसीपु बल, नि.जी.डी. सचिन बिष्ट के साथ गांव लमरा सरपंच भरत और ग्रामवासी उपस्थित थे।

# कमीशन की राशि में फर्जी बिलों के जरिये लाखों रुपए की गड़बड़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

धान खरीदी संग्रहण केन्द्रों में कमीशन की राशि में कमीशन का चल रहा खेल सामने आ रहा है। बताया जा रहा है कि बैंक के सुपरवाईजर, बैंक प्रबंधक और कार्यवाहक समिति प्रबंधकों की सांठगांठ में बिना बिल व्हाउचर के धान कमीशन की राशि फर्जी तरीके से खर्च कर शासन को चूना लगाने की तैयारी शुरू कर दी गई है। आश्चर्य की बात यह है कि कांग्रेस शासनकाल में किसान सम्मेलन सहित समिति में खरीदे गए भूसा, तालपत्री, तराजू बट, इलेक्ट्रिक काटा, मैदान समतलीकरण, साफ-सफाई एवं पीने के पानी की व्यवस्था के अलावा सूतली व अन्य सामग्री एवं व्यवस्था के साथ-साथ किसानों के रूकने के नाम की व्यवस्था के नाम से भी लाखों रुपए के बिल को निकालने की जानकारी सामने आई है।

- कांग्रेस सरकार द्वारा कराए गए सम्मेलन का भी भुगतान

बताया जाता है कि वाहन किराया, डीजल-पेट्रोल, स्वल्पाहार, टेंट हाउस के नाम से भी लाखों रुपए के बिल कई समितियों के नाम से निकाले जा रहे हैं। समितियों के रख-रखाव के साथ ही जनप्रतिनिधि के व्यक्तिगत कार्यक्रम के नाम से भी राशि निकालने की जानकारी सामने आ रही है। बताया जा रहा है कि वर्तमान में कई समितियों को 10 लाख रुपए से उपर धान समितियों का कमीशन मिला है। जिसमें विभागीय स्तर पर अधिकारियों-कर्मचारियों के साथ सांठगांठ कर 35 से 40 प्रतिशत तक कमीशन लेकर बैंक के अधिकारी-कर्मचारी समितियों के साथ सांठगांठ कर निकालना भी शुरू कर दिया है।

इधर इस मामले में जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक अध्यक्ष सचिन बघेल ने पूरे मामले को गंभीरता से लेते ध्यान देने की बात तो कही है और गडबड़ी पाए जाने पर शासन स्तर पर कार्रवाई का आश्वासन दिया। वहीं मेढ़ा, डोंगरगढ़ शहर ग्रामीण, लाल बहादुर नगर के प्रबंधक धान खरीदी की कमीशन की राशि को समितियों की आवश्यकता अनुरूप नियमतः भुगतान करने की बात कही है।

#### बर्बाद होने का हवाला देते नहीं थक रहे

देखना यह है कि समितियों की आड़ में उपपंजीयक कार्यालय सहित जनप्रतिनिधि व बैंक प्रबंधक के साथ शासकीय राशि के गबन का मामला किस प्रकार का नया भ्रष्टाचार का इतिहास बनाती है। इधर धान उठाव को लेकर समिति प्रबंधक शासन-प्रशासन की लचर व्यवस्था का राग अलापकर खुद को बर्बाद होने का हवाला देते नहीं थक रही है। वहीं अवैध धान खरीदी और वर्तमान में फर्जी बिल व्हाउचर के माध्यम से चल रहा शासकीय राशि का दुरूपयोग नई कहानी का क्या रंग लाता है, यह आने वाला समय ही बताएगा।

#### समिति प्रबंधक का दायित्व जांच के दायरे में

क्षेत्र के कई धान खरीदी केन्द्रों के प्रबंधकों की कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान उठा है। राज्य के धान संग्रहण केन्द्रों के प्रभारियों के अनुरूप दूसरे राज्यों का धान भी कोचियों के माध्यम से खपाने की जानकारी सामने आई है। कई समितियों के कार्यवाहक बिना योग्यता के लोगों को समिति प्रबंधक का दायित्व भी जांच के दायरे में है। राजनीतिक संरक्षण में कम्प्यूटर आपरेटरों के भरोसे भी धान की खरीदी होना बताया जा रहा है। कई समिति प्रबंधकों के कांग्रेस शासनकाल में धान के साल्टेज सहित कई प्रकार की गई गड़बड़ी जांच के नाम पर खानापूर्ति कर मामले को दबाने का भी मामला चर्चा का विषय बना हुआ है।

# 38638 बकायेदारों की काटी बिजली कनेक्शन

### 11533 ने मौके पर ही जमा किया 2 करोड़ 10 लाख की बकाया राशि

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

खैरागढ-छुईखदान-गंडई में छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी द्वारा बकायेदार उपभोक्ताओं से बकाया राशि वसूली के लिए लगातार सघन अभियान चलाया जा रहा है। लगभग दो माह में छुईखदान, गंडई एवं खैरागढ़ उपसंभाग के सभी वितरण केन्द्रों में जारी कार्रवाई में 38638 बकायेदार उपभोक्ताओं के विद्युत कनेक्शन विच्छेदित किए गए। बिजली विभाग द्वारा की जा रही ताबातोड़ कार्रवाई के कारण मौके पर ही 11533 बकायेदार उपभोक्ताओं ने 2 लाख 10 हजार रुपए की राशि का भुगतान किया। गौरतलब है कि बिजली विभाग द्वारा उपभोक्ताओं को निर्धारित समयावधि पर बिजली बिल के भुगतान के लिए बिल वितरण की व्यवस्था कराई जाती है। उसके बाद बिजली बिल के देयकों के भुगतान में विलंब होने पर बार-बार ध्यान आकृष्ट कराए जाने के बाद भी बिल नहीं पटाने वाले उपभोक्ताओं के बिजली कनेक्शन को काटने की कार्रवाई की जा रही है। इस कार्रवाई के दौरान विद्यमान सर्विस कनेक्शनों में बायपास एवं हुकिंग कर बिजली चोरी के प्रकरण पाए जाने पर उनके विरूद्ध भी कार्रवाई की जा रही है।



#### विभागों को नोटिस

कार्यपालन अभियंता श्री द्विवेदी ने बताया कि शासकीय विभागों के लंबित बकाया राशि भुगतान के लिए विभाग प्रमुखों को नोटिस दिया गया है, जिस पर शासकीय विभागों द्वारा बकाया राशि भुगतान की कार्रवाई की जा रही है। इस अभियान के दौरान उपभोक्ताओं को लाइन विच्छेदन से बचने समय पर बिजली बिल की राशि का भुगतान मोर बिजली ऐप के माध्यम से करने प्रेरित किया जा रहा है। साथ ही उन्हें छत्तीसगढ़ शासन द्वारा प्रदत्त 400 यूनिट तक हॉफ बिजली बिल योजना के संबंध में भी जानकारी दी जा रही है।

#### जिलेभर में अभियान

खैरागढ़ संभाग के कार्यपालन अभियंता अशोक कुमार द्विवेदी ने बताया कि खैरागढ-छुईखदान-गंडई जिले में उपसंभाग स्तर पर सहायक अभियंता एवं कनिष्ठ अभियंता स्तर के अधिकारियों की गठित टीमों द्वारा कार्रवाई करते 38638 उपभोक्ताओं पर 66 लाख 98 हजार रुपए के बकाया राशि के भुगतान नहीं किए जाने पर उनके विद्युत कनेक्शन काट दिए गए हैं तथा 11533 बकायेदार उपभोक्ताओं से 02 करोड़ 10 लाख रुपए की बकाया राशि का भुगतान भी प्राप्त किया गया। ऐसे अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेंगे।

#### नियमित भुगतान की अपील

राजस्व वसूली के लिए तैनात अधिकारियों द्वारा केंद्र शासन द्वारा संचालित पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत 300 यूनिट तक फ्री बिजली एवं शासन द्वारा प्रदत्त सब्सिडी बारें में जानकारी भी दी जा रही है। उन्होंने बकायेदार उपभोक्ताओं से अपील करते कहा है कि विद्युत देयकों का भुगतान नियमित रूप से करें, ताकि विच्छेदन की कार्रवाई से होने वाली असुविधा से बचा जा सके। बिजली बिल का नियमित भुगतान नहीं करने पर उपभोक्ताओं को राज्य सरकार की बिजली बिल हॉफ योजना का लाभ भी नहीं मिल पाएगा, क्योंकि बिजली का नियमित भुगतान नहीं होने से वे स्वतः अपात्र हो जाएंगे।

### श्रीमद् देवी भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह 29 से

**राजनांदगांव।** ग्राम नांहदा जेवरतला देवरी में आगामी 29 मार्च से 6 अप्रैल तक संगीतमय दिव्य श्रीमद देवी भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन रखा गया है। कार्यक्रम में व्यासपीठ के प्रमुख वक्ता पूज्य श्री राजू कृष्ण महाराज कोलियारा वाले एवं परायणकर्ता पं. विजय शर्मा होंगे।

# पौधे लगाने से जमीन का जलस्तर बढ़ेगा, पेड़ बनने पर देंगे छाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ ठेलकाडीह

पर्यावरण के लिए पौधे लगाना व उनकी सुरक्षा करना हर व्यक्ति की जिम्मेदारी है। पौधे लगाने से जमीनी जलस्तर तो बढ़ता है ही, बारिश अच्छी होती है। साथ ही यह जब पेड़ बनते हैं तो इनकी छाया भी सुकुनभरी होती है। पौधे जो भी लगाएं, उसका लाभ स्थानीय व्यक्ति को ही मिलता है।

कुछ इसी तरह का प्रयास स्वयंसेवक तेजस्वी वर्मा व पंजाब नेशनल बैंक तिलई ब्रांच मैनेजर मनोज मेश्राम द्वारा बैंक के सामने बारिश के समय में पौधरोपण किया था। आज यह पौधा धीरे-धीरे पेड़ बन रहे हैं। पौधा को लगाकर यह संदेश दिया कि अपने काम के साथ-साथ हमें प्राकृतिक की भी रक्षा करने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभानी है। जिससे हमें स्वच्छ हवा, स्वच्छ पर्यावरण मिलता रहे। जिसमें बैंक मैनेजर मनोज मेश्राम, स्वयंसेवक तेजस्वी वर्मा, चंद्राकर, उमेश साहू, काजल मिश्रा, आजीकीय सूर्यकांत साहू सहित अन्य लोगों का योगदान रहा।



### अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर विविध आयोजन

# देश व परिवार के विकास में महिलाओं की अहम भूमिका

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

नगर पंचायत लाल बहादुर नगर में अंचल की महिलाओं को सम्मानित करने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन किया गया। यह आयोजन नगर पंचायत लाल बहादुर नगर एवं आकाश महिला व विद्यार्थी कल्याण संस्थान लाल बहादुर नगर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव, अति विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष किरण साहू, नगर पंचायत अध्यक्ष देवेन्द्र साहू, भाजपा मंडल अध्यक्ष मनोज कांडे, चिचोला थाना से श्रीमती शीला, निर्मलाबाई सिन्हा, वर्षा गेडाम ने मां बम्लेश्वरी के तैलचित्र पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

आकाश महिला एवं विद्यार्थी कल्याण संस्थान एलबी नगर की अध्यक्ष एवं कार्यक्रम संयोजक पुष्पा सिन्हा ने अतिथियों का स्वागत किया। अतिथियों के सम्मान में रायपुर से पधारी कक्षा 3री की छात्रा पूर्वी सिन्हा ने भारत नाट्यम नृत्य किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य राजनांदगांव जिले में अपने-अपने क्षेत्रों में सफलता के साथ कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित करना था।




मुख्य अतिथि किरण वैष्णव ने कहा कि आज महिलाएं सभी क्षेत्रों में अनवरत कार्य कर सफलता के झंडे गाड़ रही है। महिलाओं ने अपने परिश्रम के बल पर देश के चहुंमुखी विकास में अपना योगदान दिया है। अब वे घर की चारदीवारी से बाहर निकलकर देश-दुनिया में भारत का नाम रौशन कर रही है। उन्होंने भारत सरकार एवं छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा नारी उत्थान के लिए किए गए कार्यों का उल्लेख किया।

कार्यक्रम में कुसुम साहू, रीना सिन्हा, ऊमा साहू, कुसुम इक्का, रोजलिन सैमुएल, सुमित्रा विश्वकर्मा, तोमेश्वरी निषाद, ममता मंडावी, अगसिया निषाद, मोनिका साहू, मोनिका तराम, रानू साहू, सुनीता भागवत साहू, केसर ठाकुर, जानकी साहू, भानु साहू, परमिला साहू, यशोदा, कीर्ति, दीपिका ध्रुवे, लक्ष्मी सिन्हा, चंद्रा सिन्हा, सुनीता साहू, दामिनी साहू, प्रभा सिन्हा, दुर्गा पटेल, रामशिला साहू, डॉ. आलिया नाज, सावित्री अग्रवाल, रिंकी रजक, निकिता ताम्रकार, ममता पटेल, दीपिका पटेल, तरुणा साहू, चंद्रा सिन्हा, मनीषा ताम्रकार, सुल्ताना, आरती सिन्हा, माया साहू, मधु सिन्हा, ममता पटेल, लता देवांगन, रोहिणी साहू, भुनेश्वरी कंवर, निकिता ताम्रकार, अनिता विश्वकर्मा, इंदिरा यादव, बसंती नेताम, नंदेश्वर पड़ौती, दुर्गा पटेल, उर्मिला ढीमर, किरण देवांगन, जमुना साहू, मनीषा ताम्रकार, जेठिया साहू, कांति चंद्रवंशी, प्रतिमा निषाद, मीनाक्षी साहू, भावना देवांगन, रेवती यादव, ऊषा साहू, सरस्वती झाड़े, कुमारी ढीमर, अमर साहू, जितेंद्र सिन्हा, अविनाश सिंह, जीवन साहू, डॉ. तौसीफ रज़ा, राजकुमार सिन्हा, नीरज सेन, धरम सिन्हा, झमेश्वर प्रसाद साहू आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन अविनाश सिंह एवं धनेश सिन्हा ने किया। आभार प्रदर्शन एवं धन्यवाद ज्ञापन पुष्पा सिन्हा ने किया।

#### त्याग और तपस्या की मिशाल

विशिष्ठ अतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष किरण अमर साहू ने कहा कि सभ्यता के प्रारंभ से महिलाओं ने अपने विभिन्न रूपों यथा मां, बहन, पत्नी आदि के रूप में समाज की सेवा करती रही है, जो आज भी अनवरत जारी है। घर-परिवार के साथ-साथ सामाजिक कार्यों में भी अपना योगदान देना निश्चय ही एक दुष्कर कार्य है, जिन्हें महिलाएं बखूबी निभाई रही है। अपने इसी त्याग और तपस्या के बल पर वे समाज में सदा अग्रणी और वंदनीय रही है। नगर पंचायत एलबी नगर अध्यक्ष देवेंद्र साहू ने कहा कि वे महिला सशक्तिकरण के लिए सदैव प्रयासरत रहे हैं। उन्होंने समाज के विभिन्न क्षेत्रों में कार्य कर रहे महिलाओं को धन्यवाद दिया और उन्हें शुभकामनाएं देकर उनका अभिवादन किया।

#### स्वावलंबी बने महिलाएं

वर्षा गेडाम ने महिलाओं को स्वावलंबी बनने की बात कही। उन्होंने बताया कि स्वावलंबी महिलाएं घर-परिवार और देश-समाज का सहारा बनती है। निर्मला सिंह ने महिलाओं को शुभकामनाएं देते हर संभव अपना सहयोग देने की बात कही। कार्यक्रम को चिचोला थाना से पधारी शिला मैडम ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम को जितेंद्र सिन्हा, ड्रोन दीदी, करुणा सिन्हा, डॉ. आलिया नाज, कुसुम साहू, सावित्री अग्रवाल, दीपिका ध्रुवे आदि ने भी संबोधित किए।

# पंप कनेक्शन के विस्तारीकरण के लिए नई लाइन का कार्य शुरू

**डोंगरगढ़।** लगातार विद्युत विस्तारीकरण के क्षेत्र में ग्रामीण वन्यांचल क्षेत्र के पंप कनेक्शन के विस्तारीकरण के लिए नई लाइन कनेक्शन का कार्य शुरू हुआ है। राजनांदगांव जिले के अंतर्गत 180 करोड़ की लागत से 97 फिडर का कार्य शुरू हुआ है। बताया जा रहा है कि स्टेलींग एंड विलसन द्वारा किया जा रहा है। डोंगरगढ़ विधानसभा क्षेत्र सहित अन्य विकासखंड के अंतर्गत एलबी नगर, चिरचारी, छुरिया, टप्पा, बम्हनी, चारभाटा, हाट बंजारी सहित काम भी तेजी से शुरू हुआ है। बताया जा रहा है कि इस नए लाइन के साथ ही पंप कनेक्शन लेने वाले हितग्राहियों को 24 घंटे में 8 घंटा का समय मिलेगा। जबकि क्षेत्र में समान्य कनेक्शन सुचारू रूप से 24 घंटा चालू रहेगा।



### नाबालिग लड़की गायब

**डोंगरगढ़।** डोंगरगढ़ की नाबालिग लड़की भाई के साथ गुजरात निकलने के बाद अचानक गायब होने का मामला सामने आया है। इसके बाद शहर में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। हालाकि परिजनों ने उक्त लड़की के गुम होने की लिखित शिकायत गुजरात-सूरत के भैस्सथान पुलिस थाना में दर्ज कराई है। बताया जा रहा है कि डोंगरगढ़ निवासी प्रार्थी की पुत्री अपने भाई के साथ 12 मार्च को गुजरात के लिए निकली थी। गुजरात के सूरत में मिस्त्री का काम करने वाला भाई ने परिजनों को खबर दी कि उसकी बहन 16 वर्ष बिछड़ गई है। उक्त मामले की जानकारी स्थानीय थाना प्रभारी को भी दी गई है।

## सार समाचार

### दिवंगतों के आश्रितों को अनुकंपा नियुक्त आदेश

**मोहला।** कलेक्टर तुलिका प्रजापति ने शिक्षा विभाग के दिवंगत शासकीय सेवकों के आश्रितों को अनुकंपा नियुक्ति आदेश भेंट करते शुभकामनाएं दी।




उल्लेखनीय है कि कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी मोहला-मानपुर-अं. चौकी द्वारा शासकीय सेवा के दौरान दिवंगत दो शासकीय सेवकों के पात्र आश्रित सदस्यों को भृत्य के पद पर अनुकंपा नियुक्ति आदेश जारी किया गया है। जारी आदेश के अनुसार साधना लोनारे पति स्व. घनश्याम लोनारे को शासकीय हाईस्कूल नवागांव विकासखंड मानपुर में भृत्य के पद पर पदस्थ किया गया। इसी प्रकार आशा लहरे पति स्व. राहुल लहरे को शा.उ.मा.शाला विचारपुर विकासखंड अं.चौकी में भृत्य के पद पर पदस्थ किया गया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर विजेन्द्र सिंह पाटले, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत भारती चन्द्राकर, डिप्टी कलेक्टर हीरा गवर्ना, जिला शिक्षा अधिकारी फत्तेराम कोसरिया उपस्थित थे।

### धोबी युवा संगठन का होली मिलन समारोह

**राजनांदगांव।** धोबी युवा संगठन के अध्यक्ष जगन्नाथ रजक के नेतृत्व में धोबी भवन कन्हारपुरी में युवा संगठन ने होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि धोबी समाज कन्हारपुरी के अध्यक्ष दीपक निर्मलकर, सचिव लक्ष्मीनारायण रजक, संरक्षक हेमंत रजक, पूर्व अध्यक्ष नारायण निर्मलकर, पूर्व सचिव नरेन्द्र नेवल, प्रदीप निर्मलकर उपस्थित रहे।



युवा संगठन के पदाधिकारियों के साथ सदस्य प्रहलाद निर्मलकर, गजेन्द्र रजक, आरत नेवल, शिरीष चेतन, सौरभ, मनोज, रूपेश, तारशू, प्रियांशु, वेदप्रकाश, मनोज बजरंग, रघुनाथ, विदेशी, प्रेम, राजेश, धर्म, मोनेन्द्र, अनुराग, राहुल, तामेश्वर, कुलेश्वर, बबलू, बजरंग, देवानंद, सतीश, रवि, प्रीतम निर्मलकर के अलावा कन्हारपुरी धोबी युवा संगठन के सदस्यगण उपस्थित होकर होली मिलन समारोह का धूमधाम से आयोजन किए।

कार्यक्रम का शुभारंभ संत शिरोमणि गाडगे महाराज की पूजा आरती के साथ हुआ। युवा साथियों द्वारा सामाजिक विषयों चर्चा करने के पश्चात होली मिलन समारोह में एक-दूसरे को गुलाल लगाकर सामाजिक भाईयों ने भाईचारा और सौहार्द्र के साथ एक-दूसरे को होली की बधाई दी। उक्त जानकारी कन्हारपुरी धोबी समाज के मीडिया प्रभारी हेमंत निर्मलकर ने दी।

### नाबालिग बालिका को भगाने में मदद करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**राजनांदगांव।** नाबालिग बालिका को भगाने में मदद करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार नाबालिग को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने के मामले में थाना घुमका में दर्ज मामले के मुख्य आरोपी पोषण बंजारे व सह आरोपी सुरेश नेवले जो मुख्य आरोपी के गिरफ्तारी दिनांक से फरार था, जिसे 18 मार्च को घेराबंदी कर हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर पता चला कि पोषण बंजारे जो नाबालिग लड़की को बहला-फुसला कर शादी का प्रलोभन देकर अपने साथ लेकर सह आरोपी को फोन कर मोटर साइकिल लेकर बुलवाया और मोटर साइकिल से सह आरोपी द्वारा ग्राम सोमनी ले जाकर छोड़ने में मदद किया। जिससे नाबालिग बालिका का अपहरण करने में सहायता पहुंचा है।



प्रकरण में अपराध सबूत पाए जाने पर आरोपी सुरेश नेवले को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।

## बाल विवाह रोकने ग्राम पंचायतों में चलाएं जागरुकता अभियान

# खराब रैंकिंग पर कलेक्टर ने अफसरों को लगाई फटकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला




कलेक्टर तुलिका प्रजापति ने जिला कार्यालय के सभाकक्ष में अधिकारियों की बैठक लेकर लंबित प्रकरणों की समीक्षा की। कलेक्टर ने शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं, सेवाओं और कार्यक्रमों की समीक्षा करते कहा कि सभी अधिकारी योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन करते हुए अधिक से अधिक हितग्राहियों को लाभान्वित करना सुनिश्चित करें।

कलेक्टर ने इस दौरान राज्य स्तर पर विभिन्न योजनाओं के रैंकिंग की समीक्षा की। कुछ योजनाओं रैंकिंग में अपेक्षित प्रगति में कमी पर कलेक्टर ने नाराजगी जाहिर करते अधिकारियों को रैंकिंग सुधारने के कड़े निर्देश दिए। कलेक्टर ने नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि जिलाधिकारी की जवाबदेही है कि सभी योजनाओं के क्रियान्वयन में रैंकिंग सुधार लाएं अन्यथा कार्रवाई के लिए तैयार रहें।

कलेक्टर श्रीमती प्रजापति ने महिला बाल विकास विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जिले में बाल विवाह प्रथा को रोकने के लिए सघन जागरूकता अभियान चलाएं। उन्होंने कहा कि सभी ग्राम पंचायत में बाल विवाह जैसे सामाजिक कुप्रथा को रोकने के लिए जनजागरूकता अभियान चलाएं। कलेक्टर ने आंगनबाड़ी केंद्र के संचालन में बच्चों को प्रदाय किए जाने वाले रेडी टू ईट एवं पूरक पोषण आहार की निगरानी के साथ ही पोषणयुक्त आहार का वितरण करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि भोजन बनाने वाले कर्मियों को आवश्यक प्रशिक्षण दिया जाए। जिससे स्वादिष्ट और गुणवत्तायुक्त पोषण आहार वितरण किया जा सके।

#### गैस की रिफलिंग नहीं जारी होगा नोटिस

कलेक्टर ने प्रधानमंत्री उज्ज्वला गैस कनेक्शन योजना की समीक्षा की। भारत सरकार के गाईड लाइन के अनुसार लंबे समय से गैस की रिफलिंग नहीं कराने और ई-केवाईसी नहीं कराने वाले हितग्राहियों को नोटिस जारी किया जाएगा। नोटिस तामील होने पर संबंधित हितग्राहियों को अपने नजदीकी गैस एजेंसी में जाकर ई-केवाईसी और रिफलिंग कराना अनिवार्य होगा। ई-केवाईसी और रिफलिंग नहीं कराने की दशा में संबंधित हितग्राही का उज्जवला गैस कनेक्शन को डिस्कनेक्ट करने की कार्रवाई किया जाएगा। कलेक्टर ने बैठक में विभिन्न योजनाओं की समीक्षा करते हुए कहा कि वास्तविक पात्र हितग्राहियों का पंजीयन और लाभान्वित हो रहे हितग्राहियों की सूची का मिलान करें। ऐसे हितग्राहियों जिसे योजना का लाभ नहीं मिल रहा हो, इस दशा में उन्हें योजना से लाभान्वित करने के निर्देश दिए गए हैं।

#### योजनाओं का करें प्रचार

कलेक्टर ने बैठक में श्रम विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा करते हुए कहा कि पंजीकृत श्रमिकों के बच्चों को प्रदान किए जाने वाले छात्रवृत्ति योजना का लाभ सभी पंजीकृत हितग्राहियों को मिले, इसके लिए व्यापक प्रचार-प्रसार करें। श्रम विभाग द्वारा संचालित विभागीय योजना के अंतर्गत पंजीकृत श्रमिकों के बच्चों को प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी के लिए आवश्यक कोचिंग की व्यवस्था करने के साथ ही विभिन्न प्रतियोगिता परीक्षा में सफल होने के लिए विषय विशेषज्ञों से मार्गदर्शन और टिप्स दिलाने के निर्देश दिए।

## छह सूत्रीय मांगों को लेकर भारतीय मजदूर संघ ने किया प्रदर्शन

**राजनांदगांव।** अपनी छह सूत्रीय मांगों को लेकर भारतीय मजदूर संघ द्वारा कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा गया। भारतीय मजदूर संघ के जिला मंत्री नरेश कुमार साहू और संगठन के विभाग प्रमुख योगेशदत्त मिश्रा ने कहा कि केन्द्रीय बजट में असंगठित क्षेत्र मजदूर, स्कीम वर्कर व ईपीएस 95 के 75 लाख से अधिक पेंशनरों को इसमें कोई राहत नहीं दी गई है। जिसकी वजह से श्रमिकों में घोर निराशा है। महंगाई के इस दौर में ईपीएस 95 के पेंशनधारकों को आज भी एक हजार रुपए मासिक पेंशन दिया जा रहा है। इसके अलावा स्कीम वर्कर, आंगनबाड़ी-मितानिन, मिड-डे-मिल के मजदूरों की भी भारी उपेक्षा हो रही है।

उन्होंने कहा कि प्रदर्शन के माध्यम से भारतीय मजदूर संघ केन्द्र सरकार से यह मांग करती है कि औद्योगिक न्यूनतम पेंशन पांच हजार रुपए तत्काल किया जाए, अंतिम तौर पर वेतन का 50 प्रतिशत सहित महंगाई राहत पेंशन का भुगतान किया जाए। इसी तरह ईपीएफ की वेतन सीमा 15 हजार रुपए से बढ़ाकर 30 हजार रुपए और ईएसआईसी की वेतन सीमा 21 हजार रुपए से बढ़ाकर 42 हजार रुपए की जाए।

#### बड़ी संख्या में शामिल हुए कार्यकर्ता

भारतीय मजदूर संघ के प्रदर्शन के दौरान संगठन के जिला उपाध्यक्ष गजानंद मिश्रा, गोपालदास साहू, हेमंत साहू, कमल मेश्राम, लोमश वर्मा, जयप्रकाश साहू, खेमचंद साहू, केशवराम सिन्हा, गौतरिहाराम डेहरे, ठाकुरराम यादव, मकसूदन खरे, पालक यादव, यशवंत ठाकुर, बहलराम साहू, कुशल यादव, घनश्याम साहू, निर्माणी मजदूर संघ की राष्ट्रीय मंत्री भारती शर्मा, सुरेखा कोमरे, नीलम पुजेरी व बबिता बाघमारे, धनेश्वरी साहू, दीप कंवर सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

#### कार्यसमिति की बैठक में निर्णय

बीते फरवरी माह में भारतीय मजदूर संघ की 158वीं अखिल भारतीय कार्यसमिति की बैठक असम गुवाहाटी में आहूत की गई थी। इस बैठक में पारित प्रस्ताव के छह सूत्रीय मांगों को लेकर मजदूर संघ के कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने प्रदर्शन कर कलेक्टर के माध्यम से केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला के नाम ज्ञापन सौंपा है।

#### सार्वजनिक संपत्ति बिक्री पर रोक की मांग

भारतीय मजदूर संघ ने अपने ज्ञापन के माध्यम से मांग की है कि सार्वजनिक संपत्ति की बिक्री पर तत्काल रोक लगाई जाए, बीमा/वित्तीय क्षेत्र में 100 प्रतिशत विदेशी निवेश पर रोक लगाया जाए, स्कीम वर्कर, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिकाओं, मितानिनों व मध्यान्ह भोजन रसोईयों को सरकारी कर्मचारियों के समान वेतन एवं सामाजिक सुरक्षा दी जाए। इसके अलावा असंगठित क्षेत्रों में कार्यरत हमाल-रेजाओं सहित अन्य वर्ग के सामाजिक सुरक्षा के लिए पर्याप्त धन राशि उपलब्ध कराई जाए।

## सड़क निर्माण की मांग, सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के समीप ग्राम गठुला के ग्रामीणों ने कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंचकर ग्राम गठुला से पारींकला नाला तक लगभग 2.5 किमी लंबी कच्ची काली मिट्टी की सड़क को पक्की डामर रोड बनाने की मांग की है। कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंचे ग्रामीणों ने बताया कि यहां विद्युत उपकेन्द्र बनने पर विद्युत मंडल द्वारा लगभग 10 वर्ष पूर्व लगभग आधा किलोमीटर मुरूम की कच्ची सड़क बनाई गई थी, जो अब खराब हो चुकी है।



#### बजट में शामिल

गठुला के पूर्व सरपंच नेमचंद साहू सहित अन्य ग्रामीणों ने कहा कि विधायक डॉ. रमन सिंह की अनुशंसा पर उक्त सड़क की स्वीकृत प्रदान की जा चुकी है। वहीं लोक निर्माण विभाग के वर्ष 2023-2024 के बजट में भी यह क्र. 3764 में शामिल किया गया, परन्तु आज तक कार्य प्रारंभ नहीं हुआ है।

#### बारिश में होती है समस्या

गठुला से भेड़ीकला होकर पारींनाला तक जाने वाली इस कच्ची सड़क से बारिश के दिनों में ग्रामीणों का आवागमन करने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। जिसके चलते ग्रामीण अब इस सड़क को बारिश से पहले पक्की बनाने का आग्रह कर रहे हैं।

#### नहीं देना होगा मुआवजा

कलेक्टर को सौंपे गए ज्ञापन में ग्रामीणों ने कहा कि यह कच्ची सड़क शासकीय भूमि पर निर्मित है। इस सड़क को बनाने में ग्रामीणों को कोई मुआवजा भी नहीं देना पड़ेगा। इस सड़क के निर्माण से करीब सौ कृषकों को और हजारों लोगों को आवागमन एवं फसलों की ढुलाई में सुविधा होगी।

## शासकीयकरण की मांग, सांकेतिक रैली के बाद पंचायत सचिव बैठे धरने पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़



राजधानी में सांकेतिक रैली मे शामिल होने के बाद मंगलवार से पंचायत सचिव अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठ गए है। आंबेडकर चौक में धरने पर बैठे सचिवों ने बताया कि मोदी की गारंटी और प्रदेश सरकार के बजट मे पंचायत सचिवों के शासकीय करण की मांग को पूरा नहीं किए जाने को लेकर पंचायत सचिव संघ अनिश्चितकालीन हड़ताल पर है।

प्रदेश इकाई के आव्हान पर सचिव संघ ने इसकी जानकारी प्रशासन को पहले ही सौंप दी है। ब्लॉक अध्यक्ष जोगेश्वर धनकर सहित अन्य पदाधिकारियों ने बताया कि प्रदेश की भाजपा सरकार ने अपने विधानसभा चुनावी एजेंडे और संकल्प पत्र में प्रदेश भर के पंचायत सचिवों के शासकीयकरण किए जाने की मांग को शामिल किया था। सरकार बनने के बाद पहले बजट में इसकी घोषणा नहीं हो पाई थी लेकिन इस बार के बजट मे उन्हें शासकीय करण की मांग को लेकर घोषणा होने की उम्मीद थी जिसे सरकार ने अनसुना करते हुए कोई सकारात्मक प्रतिक्रिया नहीं दी। जिससे पंचायत सचिव संघ ठगा महसूस कर रहा है। सोमवार को राजधानी में सांकेतिक रैली कर सरकार को जगाने का प्रयास करने के बाद मंगलवार 18 मार्च से जनपद मुख्यालयों में अनिश्चितकालीन हड़ताल पर वो काबिज हो गए है। धरना स्थल पर संजय वर्मा, नंदकुमार साहू, मुकेश टंडन, खिलेश्वरी पटेल, बालकदास साहू, खेमचंद वर्मा, जीवन बंजारे, धुव्र कुमार धर्मेंद्र, नाजनीय नियाजी, हेमलाल रजक, राजीव सिंह, खुमान यादव, दुलार कोसरे, मिलाप वर्मा, शिवकुमार कोठले, भागवत साहू, अनुराधा धुर्वे, रमेश वर्मा, गेंदलाल वर्मा, धिराजी वर्मा, कैलाश यादव सहित ब्लाक के सभी पंचायतो के सचिवो ने सरकार के वादाखिलाफी के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया।

#### अटक जाएगा पंचायत का काम

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के बाद सभी पंचायतों मे नए सरपंचों ने अपना पद ग्रहण कर लिया है जिसके बाद इन पंचायतों में अटके पुराने निर्माण काम सहित आम जनता से जुड़े अन्य योजनाओ के कार्यो का क्रियांवयन होना है। ऐसे में पंचायत सचिवों की अनिश्चितकालीन हड़ताल का व्यापक असर इस पर पड़ेगा। नए सरपंचों को पुराने सरपंचो से शासकीय राशि, खर्च सहित बकाया का हिसाब किताब भी पूरा करना है। इस स्थिति मे पंचायत सचिवों के हड़ताल में चले जाने से पूरी व्यवस्था ठप पड़ जाएगी।

## हड़ताल पर गए पंचायत सचिव ग्राम पंचायतों में कामकाज ठप

**राजनांदगांव।** शासकीयकरण की अपनी एक सूत्रीय मांग को लेकर पंचायत सचिवों ने अपने अनिश्चितकालीन हड़ताल की शुरूआत कर दी है। जिले के सभी ब्लॉक मुख्यालयों में पंचायत सचिव हड़ताल पर बैठे हुए हैं। शहर के कलेक्टोरेट कार्यालय के सामने हड़ताल करते पंचायत सचिवों ने अपनी मांग को लेकर आवाज बुलंद की और प्रदेश सरकार से घोषणा पत्र में दी गई मोदी की गारंटी को पूरा करने की बात की।

#### मांग पूरी नहीं होने पर उग्र आंदोलन

पंचायत सचिवों की हड़ताल को लेकर पंचायत सचिव संघ के जिला अध्यक्ष दीपक कुमार वैष्णव और ब्लॉक उपाध्यक्ष अनुसुईया ध्रुव ने कहा कि प्रदेशभर में 10540 पंचायत सचिव हैं। जिनका शासकीयकरण किया जाना है। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव के दौरान पंचायत सचिवों का शासकीयकरण किए जाने की बात कही गई थी। वहीं मुख्यमंत्री ने भी एक माह के भीतर कमेटी की रिपोर्ट प्राप्त होने पर शासकीयकरण किए जाने का आश्वासन दिया था, लेकिन अब तक शासकीयकरण नहीं हुआ है। जिसको लेकर प्रदेशभर में पंचायत सचिव अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं।



इसके बाद भी मांग पूरी नहीं हुई तो उग्र आंदोलन करेंगे। इधर पंचायत सचिवों के हड़ताल में चले जाने से पंचायत का कामकाज ठप हो गया है। हड़ताल की वजह से नवनिर्वाचित सरपंच, पंच विकास कार्य शुरू नहीं कर पा रहे हैं।

#### आश्वासन पर नहीं हुआ अमल

वर्ष 1995 से कार्यरत पंचायत सचिवों को शासकीयकरण की गारंटी दी गई थी। वहीं मुख्यमंत्री द्वारा घोषणा अनुरूप 16 जुलाई 2024 को पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा समिति गठन कर 30 दिवस के भीतर रिपोर्ट प्रस्तुत करने हेतु उल्लेख किया गया था और एक माह में शासकीयकरण का आश्वासन दिया गया था।

## शुरूआती झटकों के बाद बिलासपुर संभला

■ दिग्विजय स्टेडियम में क्रिकेट स्पर्धा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा संचालित सीनियर ग्रुप की अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता का दूसरा मैच स्थानीय दिग्विजय स्टेडियम राजनांदगांव में आज बिलासपुर ब्लू एवं बीएसपी भिलाई के मध्य प्रारंभ हुआ।

जिला क्रिकेट एसोसिएशन राजनांदगांव द्वारा आयोजित इस चार दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता में टॉस जीतकर बिलासपुर ने बल्लेबाजी करने का निश्चय किया, परंतु उनका यह निर्णय टीम पर भारी पड़ने लगा। बीएसपी भिलाई के गेंदबाजों की सटीक गेंदबाजी के सामने बिलासपुर के बल्लेबाज विकेट में टिक नहीं पाए और पहले दिन का खेल समाप्त होने पर 215 रन पर अपने 8 विकेट गंवा चुके हैं। एक समय बिलासपुर ने सात विकेट खोकर 80 रन ही बनाए थे, तब लगने लगा था कि बिलासपुर की टीम 100 रन के आसपास खत्म हो जाएगी, परंतु उसके निचले क्रम के बल्लेबाजों ने जिम्मेदारी भरी बल्लेबाजी करते बिलासपुर की टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया।



बिलासपुर की तरफ से इम्तियाज़ खान ने सर्वाधिक 45 रन बनाए। वहीं श्रेयम सुंदरम एवं दीपक बघेल क्रमशः 43 एवं 40 रन बनाकर मैदान में डटे हुए हैं। गेंदबाजों के अनुकूल इस विकेट में बिलासपुर के बल्लेबाजों ने काफी संभलकर खेलते हुए दिन समाप्त होने तक धीमे 215 रन ही बनाए। मैच के दूसरे दिन बिलासपुर की पूरी टीम 263 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। वहीं बल्लेबाजी करने उतरी बीएसपी टीम के खिलाड़ी भी बिलासपुर की धारदार गेंदबाजी के सामने मात्र 170 रन बनाकर ऑल आउट हो गए।


बल्लेबाजी में अच्छे प्रदर्शन के पश्चात बिलासपुर के गेंदबाजों ने अच्छी गेंदबाजी कर बिलासपुर को वापस मैच में ला लिया। बिलासपुर की तरफ से श्रेयम सुंदरम ने तीन विकेट लिए। वहीं परिवेश धर, प्रवीण यादव एवं इम्तियाज़ खान तीनों ने ही दो-दो विकेट लिए। दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने उतरी बिलासपुर की टीम दिन समाप्ति तक नौ रन पर ही एक विकेट गंवाकर एक बड़ी लीड की तरफ जाना चाहिए। इस महत्वपूर्ण मैच के लिए छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ ने अजय तिवारी को आब्जर्वर नियुक्त किया है। वहीं मोहन दास चयनकर्ता के रूप में मैदान में उपस्थित हैं। उक्त जानकारी जिला क्रिकेट एसोसिएशन के प्रवक्ता लक्ष्मण लोहिया ने दी।

### मुख्यमंत्री से की सांसद ने विभिन्न विषयों पर चर्चा



**राजनांदगांव।** संसद भवन में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के दिल्ली प्रवास के दौरान सभी भाजपा सांसदों ने मुख्यमंत्री से सौजन्य मुलाकात की। इस दौरान मुख्यमंत्री के साथ विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई। इस अवसर पर राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र के संतोष पांडे, भोजराज नाग, रूपकुमारी चौधरी आदि सांसद मौजूद रहे।

online Booking:-www.tripuryatra.com




स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
06 मई से 15 मई, 20 मई से 29 मई,
03 जून से 12 जून 2025 (10 दिन)
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी,
श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी,
श्री कन्याकुमारी, त्रिवेन्द्रम (पद्मनाभ स्वामी)
11 यात्रियों की बुकिंग पर एक यात्री निःशुल्क
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

प्रशिक्षित ड्राइवर मंथली/डेली बेसिस पर उपलब्ध है
नोट - हमारे द्वारा प्रशिक्षित ड्राइवर ये सारे पॉइंट फॉलो करते है।
1. गाड़ी चलते समय पान मसाला / सिगरेट का सेवन नहीं करते है।
2. एक बार में फ़ोन उठाते है, कॉल मिस होने पर कॉल बैक करते है।
3. प्रतिदिन गाड़ी की साफ सफाई करते है।
4. गाड़ी हमेशा सुरक्षित स्पीड में चलाते है।
5. ड्यूटी के दौरान यूनीफॉर्म में रहते है।



अधिक जानकारी के लिए स्कैन करें।
संपर्क करें- 7837411411
Rahul Travels One Way Taxi Pvt Ltd
Beside Raipur Airport

JOHN DEERE
ज़िंदगी का बेस्ट डिसिज़न!
आवश्यकता है
जैन मोटर्स अधिकृत विक्रेता जॉन डियर इंडिया प्राईवेट लिमिटेड को केवल राजनांदगांव के लिए निम्न पद हेतु अनुभवी व्यक्तियों की आवश्यकता है।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | सेल्समेन | 5 पद |
| 2. | टेली कॉलर | 2 पद |
| 3. | कम्प्यूटर आपरेटर | 2 पद |
| 4. | ड्राइवर | 1 पद |

संपर्क स्थल : जैन मोटर्स
रायपुर नाका के पास, भारत साइकिल स्टोर के बगल में, जी. ई. रोड, राजनांदगांव.
संपर्क - 9977184777, 9827953976, 9406347697

**बैठकः** जिले के 8808 लाभार्थियों का अपने घर का सपना होगा साकार

# कलेक्टर ने समय-सीमा की बैठक में लंबित प्रकरणों की समीक्षा की

- जिले में पीएम आवास निर्माण जोरो से कलेक्टर ने लक्ष्य मिले आवासों को पूरा करने के निर्देश दिए।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिले के प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के लाभार्थियों के लिए यह एक ऐतिहासिक अवसर होने जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने छत्तीसगढ़ प्रवास के दौरान बिलासपुर जिले के बिल्हा विकासखण्ड के ग्राम मोहभट्ठ में आयोजित महागृह प्रवेश कार्यक्रम में प्रदेशभर के लाखों हितग्राहियों को उनके सपनों के आशियाने की चाबी सौंपेंगे।

इस दौरान पर जिले के 8808 लाभार्थी भी सामूहिक गृह प्रवेश करेंगे, जिससे उनका वर्षों पुराना सपना साकार होगा। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत जिले में निर्माण कार्य तेजी से जारी है। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने इस योजना के तहत स्वीकृत आवासों की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि शेष बचे आवासों का निर्माण कार्य तय समय-सीमा में पूरा किया जाए, ताकि कोई भी पात्र हितग्राही अपने घर के हक से वंचित न रहे। इस संबंध में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अजय त्रिपाठी ने बताया कि प्रधानमंत्री के 30 मार्च 2025 को प्रस्तावित महागृह प्रवेश कार्यक्रम के लिए जिले को 8808 आवास पूर्ण करने का लक्ष्य मिला है। इनमें से 5469 आवासों का निर्माण कार्य पूरा किया जा चुका है, जबकि शेष 3339 आवासों को आगामी 30 मार्च तक पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं। बैठक में बताया गया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए जिले को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत कुल 42.701 आवासों का लक्ष्य प्राप्त हुआ है, जिसमें से अब तक 5469 आवास पूरे किए जा चुके हैं। इसके अलावा प्रथम किस्त 25.101, हितग्राहियों को दूसरी किस्त 15.603, हितग्राहियों को और तीसरी किस्त 3.214 हितग्राहियों को जारी की गई है। कलेक्टर श्री वर्मा ने निर्देश दिए कि प्रथम किस्त जारी होने के बाद जिले में 8289 आवासों का निर्माण शीघ्र प्रारंभ किया जाए ताकि सभी हितग्राही योजना का लाभ समय पर प्राप्त कर सकें। जिले के विभिन्न विकासखण्डों में जारी आवास निर्माण की प्रगति की समीक्षा में बताया गया कि बोड़ला विकासखण्ड में 2031, कवर्धा विकासखण्ड में 1479, पंडरिया विकासखण्ड में 2898 और सहसपुर लोहारा विकासखण्ड में 1881 आवास निर्माणाधीन हैं।



## स्वीकृत मिनी स्टेडियम निर्माण कार्यों की समीक्षा

समय-सीमा की बैठक में मुख्यमंत्री समग्र ग्रामीण विकास योजना के तहत जिले में स्वीकृत मिनी स्टेडियम निर्माण कार्यों की भी समीक्षा की गई। जिले में कुल 24 मिनी स्टेडियम स्वीकृत किए गए हैं, जिनमें से 15 ग्रामों में निर्माण कार्य प्रगति पर है। इसके अलावा सूरजपुरा और खड़ौदा खुर्द में वन भूमि की स्वीकृति न मिलने के कारण स्थल चिन्हांकन नहीं हो सका था। लेकिन अब वन विभाग से स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है, जिससे जल्द ही निर्माण कार्य शुरू होगा। जिले में जिन 24 ग्रामों को मिनी स्टेडियम निर्माण के लिए शामिल किया गया है उनमें दौजरी, बदराडीह, बैजलपुर, मक्के, उसरवाही, झलमला, चिल्फी, खैरबना, बेंदरची, जिटाटोला, खारा, सूरजपुरा, बदौड़ा खुर्द, सिंघनपुर जंगल, दुल्लापुर, घुघरीकला, पवंतरा, नेवारी, तीतरी, सिल्हाटी, अमलीडीह, भोंदा, कांपा, कामड़बरी और नेउरगांव खुर्द शामिल हैं।

# स्वर्णकार महिला मंडल ने सुधा वाटिका में धूमधाम से मनाया रंगोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



स्वर्णकार समाज महिला मंडल कवर्धा ने सुधा वाटिका में होली मिलन का भव्य आयोजन किया गया, समाज के महिलाओं ने धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ रंग का पर्व होली उत्सव मनाया। महिलाओं ने एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर बधाई व शुभकामनाएं प्रेषित की। स्वर्णकार समाज महिला मंडल द्वारा गत दिनों सुधा वाटिका में एकत्रित होकर आपस में बड़े ही उल्लास के साथ होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। महिला पदाधिकारियों ने समाज उत्थान तथा समाज की हर गतिविधियों को सुचारू रूप से संचालन करने एवं वृहत संख्या में महिलाओं की उपस्थिति पर जोर दिया तत्पश्चात महिलाओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाई तथा रंग-गुलाल लगाकर होली मिलन कार्यक्रम को यादगार बनाया। इस दौरान बड़ी संख्या में स्वर्णकार महिला मंडल की समस्त पदाधिकारी, कार्यकारिणी सदस्य की गरिमामयी उपस्थिति रही।

## अनुसूचित जाति के हितग्राहियों का प्रशिक्षण संपन्न

**हरिभूमि कवर्धा।** कृषि विज्ञान केन्द्र कवर्धा में एक दिवसीय अनुसूचित जाति के ग्रामीण युवाओं, महिला एवं पुरूषों के उद्यमिता विकास एवं कौशल उन्नयन हेतु प्रशिक्षण का आयोजन कृषि प्रसंस्करण एवं खाद्य अभियांत्रिकी विभाग रायपुर एवं कृषि विज्ञान केन्द्र कवर्धा के संयुक्त तत्वाधान में संपन्न हुआ। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में कबीरधाम जिले के ग्राम बिजई एवं जमुनिया के 75 युवाओं, महिला एवं पुरूषों को प्रशिक्षित किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केन्द्र कवर्धा के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ बीपी त्रिपाठी ने प्रशिक्षणार्थियो को सोयाबीन प्रसंस्करण उद्योग की स्थापना के जानकारी दी एवं भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद नई दिल्ली ने सोयाबीन प्रसंस्करण के क्षेत्र में उद्यमिता विकास के लिए प्रयासरत है। इनका उद्देश्य कम लागत पर आजीविका के अवसर सृजित करना, रोजगार बढ़ाना और उच्च गुणवत्ता वाले प्रोटिन उत्पादों का उत्पादन करना है। सोया आधारित बेकरी उत्पादों और सोया स्नैक्स पर उद्यमिता विकास कार्यक्रम इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। डॉ एनके मिश्रा वैज्ञानिक ने कृषि प्रसंस्करण एवं मूल्य संवर्धन पर प्रशिक्षण सहप्रदर्शन, लघु धान्य फसलों एवं अकाष्ठीय तेलबीज (महुआ, साल, नीम) का महत्व, प्रसंस्करण एवं मूल्य संवर्धन एवं राइस फोर्टिफिकेशन के विषयों पर तकनीकी जानकारी दी। तत्पश्चात वैज्ञानिक डॉ डी खोखर ने मिलेट्सप्र संस्करण और मूल्य संवर्धन में उद्यमिता विकास एवं इसका उद्देश्य भावी उद्यमियों को मिलेट्स आधारित उत्पादों के प्रसंस्करण के क्षेत्र में नए उद्यम स्थापित कर आजीविका के अवसर प्राप्त कर आय में वृद्धि की जानकारी दी।

## खबर संक्षेप

### उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम में परीक्षार्थी को किया जाएगा साक्षर

**हरिभूमि कोलेगांव।** उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत 23 मार्च को राष्ट्रव्यापी महापरीक्षा अभियान का आयोजन पूरे राष्ट्र में किया जाना है। इस परीक्षा का उद्देश्य 15 वर्ष से अधिक के उम्र के उस परीक्षार्थी को शामिल किया जाना है, जो किसी कारणवश असाक्षर रह गए हैं। इस कार्यक्रम की सफल संचालन जिले में कुल 7300 परीक्षार्थियों को शामिल किया जाना निश्चित है, जिसके लिए विकासखंड पंडरिया में 1900 असाक्षरों को इस परीक्षा में शामिल कर उन्हें साक्षर किए जाने का लक्ष्य है।

इस लक्ष्य की पूर्ति हेतु मंगलवार को विकासखंड शिक्षा अधिकारी पंडरिया के कार्यालय में संबंधित ग्राम पंचायत के ग्राम प्रभारी-सर्वेकर्ताओ का आवश्यक बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में विकासखंड पंडरिया के संकुल समन्वयक, संकुल प्रभारी एवं विकासखंड परियोजना अधिकारी एसपी डड़सेना व सहायक ग्रेड-3 प्रशांत कुमार अहिरवार उपस्थित थें, जिसमें उन्हें परीक्षा के तैयारी से संबंधित समस्त जानकारी विस्तार से दिया गया।

# पंचकुण्डीय श्रीराम कथा का भव्य आयोजन 30 मार्च से



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

विकासखण्ड पंडरिया अंतर्गत ग्राम खम्हरीया में 30 मार्च से 9 अप्रैल तक पंचकुंडीय विश्वशांति श्री अश्वमेघ महायज्ञ एवं संगीतमय श्रीराम कथा का भव्य आयोजन समस्त ग्रामवासियों, क्षेत्रवासियों के सहयोग से विश्व के कल्याण एवं शांति के लिए ग्राम खम्हरिया पंच कुण्डीय महायज्ञ की तैयारियों ग्रामीणों द्वारा जोर शोर से किया जा रहा है। इस पंच कुण्डीय विश्वशांति श्री अश्वमेघ महायज्ञ एवं संगीतमय श्रीराम कथा का भव्य आयोजन 30 मार्च को नगर भ्रमण कर भव्य कलश यात्रा रैली निकाली जाएगी। 31 मार्च को मंडप प्रवेश, 1 अप्रैल को आवाह्न देवी-देवता, 2 अप्रैल को अभी-पूजन प्रवेश, 3 अप्रैल से 8 अप्रैल तक विधि विधान से हवन-पूजा अर्चना तथा 9 अप्रैल को पूर्णाहुति कन्या पूजन एवं प्रसाद भंडारा आयोजन समिति किया जाएगा। इस पंच कुण्डीय श्री अश्वमेघ महायज्ञ व संगीतमय रामकथा में मुख्य व्यवस्थापक पागलानंद अवधूत गुरु आश्रम अमरकंटक वाले यज्ञाचार्य प पुष्पेंद्र त्रिपाठी काशीपुरी, स्वामी प्रेमानंद महराज उज्जैन, स्वामी महंत रामानंद बापू महाराज गुजरात, सच्चितानंद गिरी चित्रकूट, बालयोगी नागा वाराणसी उत्तरप्रदेश, बालक नंद महाराज एवं समस्त संत गण समस्त आचार्य बनारस व पं वीरेंद्र शास्त्री महराज, पं सियाशरण शास्त्री महराज, पं बालमीम शास्त्री महाराज, पं अजय शास्त्री, पं सतानंद, ग्राम आचार्य, पं मनोज शर्मा व इस पंच कुण्डीय महायज्ञ में मुख्य यजमान श्रीमती गुडन राजकुमार चंद्राकर विराजमान होंगे। इस विश्वशांति श्री अश्वमेघ महायज्ञ एवं संगीतमय श्रीराम कथा के भव्य आयोजन से आसपास के क्षेत्रवासियों मे भारी भक्तिमय का माहौल बना हुआ है।

# महिला व्याख्याता के साथ दुर्व्यवहार की जांच मांग को लेकर विधायक भावना ने विधानसभा में उठाया प्रश्न?

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने मंगलवार को विधानसभा में महिला के साथ दुर्व्यवहार एवं विशाखा समिति के संबंध में बहुत ही संवेदनशील विषय सदन के समक्ष रखा। इस दौरान उन्होंने वर्ष 2018 में शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय रायपुर में पदस्थ प्राचार्य जीआर चतुर्वेदी द्वारा महिला व्याख्याता के साथ किए गए दुर्व्यवहार के विषय में अब तक कार्यवाही नहीं होने के संबंध में प्रश्न किया और उसमें विशाखा समिति की तत्कालीन अध्यक्ष जिन्होंने निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्यवाही की अनुशंसा की गई उनके ऊपर खुद झूठा आरोप लगाने के विषय की जानकारी भी सदन में रखी और उन्हें न्याय दिलाने की मांग की।



श्रीमती बोहरा ने प्रश्न किया वर्ष 2018 में कांग्रेस शासन के दौरान शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय रायपुर में पदस्थ संविदा व्याख्याता अनीता शर्मा द्वारा वर्तमान प्राचार्य जीआर चतुर्वेदी के खिलाफ दुर्व्यवहार करने की शिकायत की थी, जिसकी जांच विशाखा समिति द्वारा तत्कालीन समिति अध्यक्ष डॉ सरोज परहाते की अध्यक्षता में की गई, जिसमें प्राचार्य जीआर चतुर्वेदी और उनके सहयोगी सेवानिवृत्त शांति किशोर मांझी को दोषी पाया गया था। लेकिन अधिकारियों द्वारा इसकी जांच अभी तक लंबित हैं और इसमें दोषियों पर कोई कार्यवाही नहीं की गई है। विधायक ने कहा कि विशाखा समिति की जांच में प्राचार्य जीआर चतुर्वेदी को दोषी पाया गया परन्तु तत्कालीन समय में डॉ सरोज परहाते को षड्यंत्र पूर्वक विशाखा समिति से हटा दिया गया एवं उनके ऊपर झूठे आरोप लगाए गए वहीं दोषी प्राचार्य का प्रमोशन कर दिया गया। आज 8 वर्ष हो गए हैं लेकिन अनीता शर्मा को अब तक न्याय नहीं मिला है वहीं दोषी का प्रमोशन कर दिया गया है इसके खिलाफ जल्द से जल्द जांच पूरी कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई करने की मांग सदन के समक्ष की।

भावना बोहरा के प्रश्न का प्रति उत्तर देते हुए स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि वर्ष 2018 में हुई यह घटना बहुत ही संवेदनशील है और इस शिकायत की जांचकर्ता डॉ सरोज परहाते पर भी झूठे आरोप लगाए गए हैं। यह संवेदनशील विषय है और उन दोनों महिलाओं के साथ अन्याय हुआ है और 9 जनवरी 2023 को उच्च न्यायालय ने इस विषय को संज्ञान में लेते हुए पुनः जांच करने के निर्देश दिए जिसकी पुनः विशाखा समिति द्वारा जांच की गई और उस जांच की रिपोर्ट शासन के पास आ चुकी और जांच रिपोर्ट में अनुशंसा की गई है कि प्राचार्य जीआर चतुर्वेदी को अन्यत्र स्थान्तरण करने एवं जो समाचार पत्रिका है उस पर जनसंपर्क के माध्यम से कार्यवाही करने हेतु समिति ने अनुशंसा की है साथ ही उनके सहयोगी जो रिटायर्ड हो चुके हैं शांति किशोर मांझी पर भी नियमानुसार कार्रवाई होगी और यह कार्रवाई 3 दिनों के भीतर की जाएगी।

### विधायक श्रीमती बोहरा ने स्वास्थ्य सुविधाओं एवं सेवाओं के संबंध में विधानसभा में प्रश्न पूछा?

भावना बोहरा ने स्वास्थ्य सुविधाओं एवं सेवाओं के संबंध में प्रश्न पूछा कि वर्ष 2023 से 1 फरवरी 2025 तक जिले अंतर्गत पंजीकृत प्राइवेट हॉस्पिटलों में आयुष्मान कार्ड एवं राशन कार्ड से इलाज संबंधित कितनी शिकायतें प्राप्त हुई हैं? उन पर क्या कार्रवाई की गई? क्या आयुष्मान कार्ड एवं राशन कार्ड से राशि समायोजित करने के उपरांत नगद राशि लेने का प्रावधान है? यदि हां तो किस नियम तक के तहत राशि ली जाती है? यदि राशि लेने का प्रावधान नहीं है तो इससे संबंधित प्राप्त शिकायतों पर प्राइवेट अस्पतालों के ऊपर नियमों के तहत क्या-क्या कार्रवाई की गई? जिसके लिखित प्रतिउत्तर में लोक स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि वर्ष 2023 से 01 फरवरी 2025 तक कबीरधाम जिला अंतर्गत पंजीकृत प्राइवेट हॉस्पिटलों में आयुष्मान कार्ड एवं राशन कार्ड से इलाज संबंधित कुल 06 शिकायतें प्राप्त हुई है। जिनके ऊपर नियमानुसार कारण बताओ नोटिस एवं स्पष्टीकरण मांगा गया है। आयुष्मान कार्ड एवं राशन कार्ड से राशि समायोजित करने के उपरांत नगद राशि लेने का प्रावधान नही है । प्राप्त शिकायतों पर प्राइवेट हॉस्पिटलों से स्पष्टीकरण लिया जाता है एवं संबंधित हितग्राहियों को राशि वापस दिलाया गया है तथा चेतावनी पत्र प्रेषित किया गया है।

### मुख्यमंत्री ग्राम गौरव पथ योजना के तहत वर्ष 2024-25 में 15 फरवरी तक कितनी सड़कों की स्वीकृति प्राप्त हुई है

भावना बोहरा ने मुख्यमंत्री ग्राम गौरव पथ योजना के संबंध में प्रश्न करते हुए पूछा कि कबीरधाम अंतर्गत मुख्यमंत्री ग्राम गौरव पथ योजना के तहत वर्ष 2024-25 में 15 फरवरी 2025 तक कितनी सड़कों की स्वीकृति प्राप्त हुई है एवं इस हेतु कितनी राशि की वित्तीय स्वीकृति प्राप्त हुई है ? स्वीकृत सड़कों में से कितनी लम्बाई की कितनी सड़कों का निर्माण किया जा चुका है? कितनी सड़कों का निर्माण प्रक्रियाधीन है? कितनी सड़कों का निर्माण कार्य अप्रारम्भ है ? अप्रारम्भ एवं अपूर्ण सड़कों का निर्माण कार्य कब तक पूर्ण कर लिया जाएगा? क्या मुख्यमंत्री ग्राम गौरव पथ योजना अंतर्गत निर्मित सड़कों की गुणवत्ता की जांच की गई है? यदि हां तो जांच में क्या कोई गुणवत्ताहीन कार्य पाया गया है? यदि हां तो दोषी पाए ठेकेदारों पर क्या कार्यवाही की गई? जिसके लिखित उत्तर में गृह मंत्री ने बताया कि बोड़ला विकासखंड अंतर्गत कुल 6 सड़कें स्वीकृत हैं जिसमें से 2 निर्माण कार्य प्रगति पर हैं और 4 निर्माण कार्य के लिए निविदा प्रक्रियाधीन है जिसकी वजह से वह अप्रारम्भ है। सहसपुर लोहरा विकासखंड अंतर्गत कुल 12 सड़कें स्वीकृत हैं जिसमें से 10 निर्माण कार्य प्रगति पर हैं और 2 निर्माण कार्य के लिए निविदा प्रक्रियाधीन है जिसकी वजह से वह अप्रारम्भ है। कवर्धा विकासखंड अंतर्गत कुल 13 सड़कें स्वीकृत हैं जिसमें से 2 निर्माण कार्य प्रगति पर हैं और 10 निर्माण कार्य के लिए निविदा प्रक्रियाधीन है जिसकी वजह से वह अप्रारम्भ है तथा 1 निर्माण कार्य स्थल उपलब्ध नहीं होने के कारण स्वीकृति निरस्त की गई है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री ग्राम गौरव पथ योजना अंतर्गत उपरोक्त प्रगतिरत कार्यों की गुणवत्ता की जांच की गई है। कोई कार्य गुणवत्ताहीन नहीं पाया गया।

# जिला शिक्षा अधिकारी ने जेवडन खुर्द परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ बरबसपुर

जिले में शिक्षा विभाग एवं माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा कक्षा पांचवी व आठवीं तथा कक्षा दसवीं-बारहवीं की बोर्ड परीक्षा शुरू हो चुके हैं। जिसमें कक्षा पांचवी व आठवीं की बोर्ड परीक्षा में शिक्षा अधिकारी योगदास साहू सहित अन्य अधिकारियों ने परीक्षा कक्ष व केन्द्रों का औचक निरीक्षण व जांच किया गया।

जिसमें किसी प्रकार की परीक्षार्थी नकल प्रकरण नहीं पाए गए और बच्चे शांति व्यवस्था के साथ परीक्षा दे रहे थे। जिला शिक्षा अधिकारी योगदास साहू ने शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला जेवडन खुर्द का निरीक्षण किया गया जहां कक्षा आठवीं की परीक्षा में शांतिपूर्ण व्यवस्थित ढंग से संचालित किया जा रहा है। शिक्षा अधिकारी ने केंद्र अध्यक्ष और पर्यवेक्षक को आवश्यक दिशा निर्देश दिए साथ ही साथ परीक्षार्थियों से भी सरल, सहज ढंग से बातचीत की। वही मंगलवार की माध्यमिक शिक्षक मंडल की जेवडन खुर्द स्थित शासकीय हायर सेकेंडरी के परीक्षार्थियों ने राजनीति शास्त्र में विद्यार्थी की दर्ज संख्या 44 जिसमें 44 छात्र छात्राएं उपस्थित रहे, रसायन शास्त्र में दर्ज संख्या 18 रहे, जिसमें 18 उपस्थित रहे, लेखा शास्त्र मे विद्यार्थी की कुल संख्या 12 जिसमें 12 विद्यार्थी शामिल हुए इस प्रकार 74 छात्र छात्राएं उपस्थित पाए गए।

जेवडन खुर्द में हायर सेकेंण्डरी कक्षा 10 वी व 12 वीं की राजनीति शास्त्र, लेखपाल शास्त्र, रसायन शास्त्र परीक्षा का भी निरीक्षण किया इस दौरान प्राचार्य द्वारा शांति पूर्ण माहौल में संचालित पाई गई परीक्षा केंद्र में पेयजल, साफ-सफाई, स्वच्छता, समुचित व्यवस्था पाई गई। इस दौरान परीक्षा प्रभारी टेकचंद जांगड़े, प्राचार्य उत्तम साहू, केंद्र अध्यक्ष हरिनारायण पांडेय एवं शिक्षक संतोष शर्मा, पर्यवेक्षक उपस्थित थें।

## क्षेत्र की अधिकांश महिलाएं महत्वाकांक्षी योजना महतारी वंदन लाभ से वंचित

**हरिभूमि कोलेगांव।** राज्य शासन प्रशासन द्वारा अपनी एक महत्वपूर्ण घोषणा पत्र जारी किया गया था कि प्रदेश के सभी महिलाओं को एक हजार रूपए प्रति माह दिया जाएगा। छत्तीसगढ़ में भारतीय जनता पार्टी का सरकार बनाने में सफल रहा, लेकिन आज क्षेत्र के ऐसे कई महिलाएं है जो शासन प्रशासन की महत्वकांक्षी योजना महतारी वंदन योजना के लाभ से वंचित है। मिली जानकारी के अनुसार क्षेत्र के ग्रामीण महिलाओं ने शासन प्रशासन से दोबारा महतारी वंदन योजना के लिए फॉर्म भरवाने की मांग की गई ताकि क्षेत्र के सभी महिलाओं को लाभ मिल सकें।

लगातार शिकवा-शिकायत के बाद भी विभागीय अधिकारी बेपरवाह

# ग्रामीण व वनांचल क्षेत्र में पेयजल की भारी समस्या मध्याह्न भोजन पर भी असर, बढ़ी परेशानी



हरिभूमि न्यूज ⏭ पंडरिया

पंडरिया विकासखण्ड अंतर्गत स्थानीय शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला बदना में पानी की गंभीर समस्या उत्पन्न होने से स्कूली छात्र छात्राओ को भारी दिक्कतों व परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं स्कूल परिषर स्थित हैंडपंप देखरेख के अभाव में सूखा व खराब होने से बच्चों के लिए पीने के पानी और मध्यान्ह भोजन बनाने में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। जिस पर विद्यालय के प्रधान पाठक ने इस समस्या को देखते हुए विभागीय अधिकारियो व शिक्षा विभाग के अधिकारियों को सूचना दी है और जल्द से जल्द पेयजल की समस्या का समाधान की मांग की है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार विद्यालय में अधिकांश विद्यार्थी आदिवासी समुदाय से आते हैं, जिनके लिए यह स्कूल शिक्षा का मुख्य केंद्र है। प्रधान पाठक से मिली जानकारी के अनुसार शहर व वनांचल क्षेत्र में गर्मी के शुरूआती दौर में ही जल स्तर काफी नीचे चले जाने के कारण हैंडपंप से पानी निकलना बंद हो गया है, जिससे स्कूली छात्र छात्राओं को पीने का पानी उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। साथ ही साथ मध्याह्न भोजन बनाने में भी परेशानी हो रही है। ग्रामीणों और विद्यालय प्रशासन ने स्थानीय शासन प्रशासन व विभागीय अधिकारियों को जल्द से जल्द वैकल्पिक जल स्त्रोत उपलब्ध कराने की मांग की गई ताकि स्कूली बच्चों की पढ़ाई-लिखाई और पोषण प्रभावित न हो।

## कक्षा पांचवी व आठवीं बोर्ड परीक्षा से स्कूली बच्चों में नई गुणवत्ता लाने का प्रयास



**हरिभूमि बरबसपुर।** नई शिक्षा नीति के अंतर्गत पांचवी-आठवीं बोर्ड परीक्षा ली जा रही है, जो 14 व 15 वर्ष के बाद फिर से बोर्ड परीक्षा आयोजन शिक्षा विभाग द्वारा किया जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार सोमवार को कक्षा पांचवी की परीक्षा बोर्ड परीक्षा तर्ज पर शुरू हुई, जो गणित विषय का रहा और वही दूसरा दिन कक्षा आठवीं के बच्चों ने गणित परीक्षा का परीक्षा दिलाई, जो 18 मार्च की शुरुआत हुई। मिली जानकारी के अनुसार परीक्षा केंद्र सभी स्कूलों को बनाई गई है, चाहे कक्षा पांचवी आठवीं में दर्ज संख्या एक बच्चे क्यों ना हो परीक्षा केंद्र बनाया गया है और सभी स्कूलों में केंद्र अध्यक्ष परीक्षा आयोजित कर रहे हैं। परीक्षा के लिए अधिकतम 3 घंटे का समय दिए गए हैं, कक्षा पांचवी में प्रत्येक विषय में 50 अंक के प्रश्न पत्र है, 40 अंक लिखित परीक्षा और 10 अंक प्रैक्टिकल के हैं, वही कक्षा आठवीं में 100 अंकों की प्रश्न पत्र होंगे 80 अंक लिखित परीक्षा और 20 अंक प्रैक्टिकल है जिसकी तैयारी में छात्र-छात्राएं एवं शिक्षक जुटे हुए हैं। कक्षा पांचवी व कक्षा आठवी की परीक्षा सोमवार को शासकीय प्राथमिक शाला दौजरी में आयोजित की गई जिसमें दर्ज संख्या चार है वहीं चार स्कूली छात्राएं परीक्षा में शामिल हुई वही शासकीय प्राथमिक शाला बाझीमौहा में तीन ही बच्चे परीक्षा में बैठकर बोर्ड परीक्षा दिलाई साथ ही साथ शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला दौजरी में में कक्षा आठवीं बोर्ड परीक्षा का आयोजन हुए जिसमें दर्ज संख्या 21 है जिसमें 18 छात्र छात्राएं उपस्थित थें और तीन बच्चे अनुपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### आवेदन की अंतिम तिथि 31 मार्च निर्धारित

**कवर्धा।** केन्द्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना प्रधानमंत्री इंटरशिप योजना के तहत कबीरधाम जिले के शिक्षित बेरोजगार युवाओं को देश की 500 प्रतिष्ठित कंपनियों में कार्य करने का सुनहरा अवसर प्रदान किया जा रहा है। यह योजना 21 से 24 वर्ष के बेरोजगार युवाओं के लिए शुरू की गई है। कबीरधाम जिले में बेरोजगार युवाओं के कौशल विकास और रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए प्रधानमंत्री इंटरशिप योजना के तहत ऑनलाइन पंजीकरण प्रारंभ कर दिया गया है। इस योजना के अंतर्गत पात्र अभ्यर्थी शासकीय पॉलीटेक्निक कबीरधाम ग्राम महराजपुर, विकासखंड बोड़ला में निःशुल्क पंजीकरण के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। आवेदन प्रक्रिया पूरी तरह से निःशुल्क है और इच्छुक उम्मीदवार पोर्टल पर जाकर आवेदन कर सकते हैं। आवेदन की अंतिम तिथि 31 मार्च 2025 तक है।

### यूएफएम परीक्षा परिणाम किए गए घोषित

**कवर्धा।** दुर्ग के हेमचंद विवि ने यूएफएम (नकल प्रकरण) के परीक्षा परिणाम जारी कर दिए हैं। इसमें एमकॉम प्रथम व तृतीय सेमेस्टर, एमएससी जूलॉजी तृतीय सेमेस्टर, एमए हिंदी तृतीय सेमेस्टर, एमएससी रसायन शास्त्र प्रथम व तृतीय सेमेस्टर, एमएससी बायोटेक्नोलॉजी प्रथम व तृतीय सेमेस्टर, एमए अंग्रेजी प्रथम सेमेस्टर, एमए राजनीति विज्ञान प्रथम सेमेस्टर, एमए समाजशास्त्र प्रथम सेमेस्टर, एमए अर्थशास्त्र तृतीय सेमेस्टर, एमए समाजशास्त्र प्रथम सेमेस्टर, एमए मनोविज्ञान तृतीय सेमेस्टर, एमए भूगोल तृतीय सेमेस्टर समेत अन्य पाठ्यक्रम शामिल हैं। परीक्षा परिणाम हेमचंद विवि की वेबसाइट पर अपलोड किया गया है।

### प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन 11 अप्रैल तक

**कवर्धा।** प्री-एमसीए प्रवेश परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन शुरू हो गए है। इसकी अंतिम तारीख 11 अप्रैल है। यह परीक्षा व्यापमं द्वारा आयोजित की जाएगी। इस परीक्षा के लिए प्रदेश के बिलासपुर, रायपुर में केन्द्र बनाए जाएंगे। छत्तीसगढ़ राज्य के स्थानीय निवासी प्रतिभागियों से किसी भी प्रकार की परीक्षा शुल्क नहीं लिया जाएगा। परीक्षा संबंधित जानकारी के लिए व्यापमं की वेबसाइट का अवलोकन कर सकते हैं।

# किराया नहीं जमा करने पर नगर पालिका कवर्धा ने तीन दुकानों को किया सील

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

वित्तीय वर्ष का अंतिम मार्च का महिना जारी है और कवर्धा नगर पालिका का अमला दुकानों का लंबित किराया तथा प्रीमियम राशि वसूलने के लिए सड़क पर उतर चुकी है। बताया जा रहा है कि जिन दुकानदारों द्वारा बकाया किराया तथा प्रीमियम की राशि जमा करने में लेटलतीफी की जा रही है उनके खिलाफ सीलिंग की कार्यवाही की जा रही है।

इसी कड़ी में मंगलवार को कवर्धा नगर पालिका के अमले ने कवर्धा नगर पालिका के नवीन बाजार गोदाम लाइन में स्थित दुकानों में दबिस देकर तीन दुकानों को सील करने की कार्यवाही की है। इस संबंध में नगर पालिका प्रशासन से मिली जानकारी के अनुसार नवीन बाजार गोदाम लाइन में स्थित दुकान क्रमांक 17, 18, और 19 को सील करने की कार्यवाही की गई है। यह कार्यवाही दुकान मालिक मंजीत सिंह पिता गोविंद सिंह द्वारा प्रीमियम राशि और किराया राशि जमा नहीं करने के कारण की गई है।

नगर पालिका प्रशासन के मुताबिक दुकान क्रमांक 17 की बकाया राशि 5,12,903 रुपए है, जबकि दुकान क्रमांक 18 की बकाया राशि भी 5,12,903 रुपए है इसी प्रकार दुकान क्रमांक 19 की बकाया राशि 5,05,432 रूपए बताई गई है। नगर पालिका प्रशासन के मुताबिक इस कार्यवाही के पूर्व संबंधित अधिकारियों ने दुकान मालिक को कई बार नोटिस जारी किया था, लेकिन उन्होंने बकाया राशि का भुगतान नहीं किया। इसके चलते अब दुकानों को सील करने की कार्यवाही की गई है।




### शत प्रतिशत वसूली का फरमान

नगरीय क्षेत्र के समस्त करो की वसूली की लिए मुख्य नगर पालिका अधिकारी रोहित साहू ने नगर पालिका अधिकारी-कर्मचारियों की बैठक लेकर बकाया दुकानदारों द्वारा लंबे समय से किराया राशि, प्रीमियम राशि जमा नही किया गया था जिसकी वसूली के लिए सीएमओ ने नगर पालिका कर्मचारियों की बैठक लेकर शत-प्रतिशत वसूली किये जाने का फरमान जारी किया गया है। पालिका टीम एक्शन मोड़ में कार्य करते हुए आज पहले दिन बकाया राशि जमा नही किये जाने वाले के दुकानों को सील किया गया।

### करो का भुगतान करने नपाध्यक्ष की अपील

नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने अपील करते हुए कहा कि नगर पालिका के समस्त बकाया एवं चालू बकाया राशि व अन्य दुकान किराया, जलकर राशि तत्काल कार्यालय में जमा कर रसीद प्राप्त कर लेवे अन्यथा की स्थिति में नल कनेक्शन विच्छेद एवं दुकान सील बंद की कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है इस कार्यवाही से बचने के लिए समस्त करो का नियमित भुगतान अवश्य करे।

**हड़ताल:** शासन के समक्ष रखी शासकीयकरण की मांग, कहा-मोदी की गारंटी नहीं हो रही पूरी

# पंचायत सचिवों की ब्लाक स्तरीय बेमुद्दत हड़ताल शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

प्रदेश की भाजपा सरकार पर वादा खिलाफी और मोदी की गारंटी पूरी नहीं किए जाने का गंभीर आरोप लगाते हुए प्रांतीय आव्हान पर प्रदेश सहित कबीरधाम जिले के पंचायत सचिवों ने अपनी शासकीयकरण की लंबित मांग को लेकर 18 मार्च से ब्लाक स्तरीय अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी है। बताया जाता है कि जिले भर के करीब 400 सौ अधिक पंचायत सचिव अपना कामकाज छोड़कर ब्लाक मुख्यालय कवर्धा, पंडरिया, बोड़ला तथा स. लोहारा में तंबू तान कर बैठ गए है। इस संबंध में पंचायत सचिव संघ के जिलाध्यक्ष शत्रुहन प्रसाद चन्द्रवंशी ने बताया कि विधानसभा चुनाव वर्ष 2023-24 में हुए चुनाव में मोदी की गारंटी में पंचायत सचिवों का शासकीयकरण किए जाने का वादा किया गया है। जिसके परिपेक्ष्य में गत 07 जुलाई को 2024 को इन्डोर स्टेडियम रायपुर के सभागार में भाजपा के तमाम बड़े नेताओं की उपस्थिति में पंचायत सचिवों के शासकीयकरण को अति आवश्यक मानते हुए शीघ्र ही शासकीयकरण किए जाने का भरोसा दिया था और भरोसा को मोदी की गारंटी बताया गया था। संघ के जिलाध्यक्ष श्री चन्द्रवंशी ने बताया कि प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा मोदी की इस गारंटी को पूरा करने के लिए तत्काल एक कमेटी गठन करने की घोषणा भी की थी। जिसके तहत 16 जुलाई 2024 को पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा समिति का गठन कर 30 दिवस के भीतर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के आदेश जारी किए थे। इस आदेश के परिपालन में कमेटी द्वारा पंचायत सचिवों के शासकीय करण के संबंध में प्रतिवेदन भी प्रस्तुत कर दिया गया है। जिस पर पंचायत सचिवों को पूर्ण आशा एवं विश्वास था कि रिपोर्ट अनुसार बजट सत्र में उनका शासकीयकरण कर उन्हें बड़ी सौगात दी जाएगी। किन्तु बजट सत्र में इस विषय पर सरकार द्वारा कोई पहल व निर्णय नहीं लिया गया। जिससे पंचायत सचिवों में खासा आक्रोश व रोष व्याप्त है। यहीं वजह है कि पंचायत सचिवों ने गत 17 मार्च को प्रदेश की राजधानी रायपुर में विधानसभा घेराव कर अब ब्लाक स्तरीय अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी है। कवर्धा में आयोजित सचिव संघ के ब्लॉक अध्यक्ष डमरू नाथ योगी, सुरेश गुप्ता, जैतराम सिन्हा, नीलकंठ बंदे, लीलवाराम पटेल, गजानंद चंद्रवंशी, रवि चंद्रवंशी, सीमा, अजमेर बेग, उमला कौशिक, पूजा तिवारी, भीषम साहू, सविता कुंजाम सहित बड़ी संख्या में पंचायत सचिव उपस्थित थे।



### ग्राम पंचायत के कामकाजों में पड़ेगा विपरीत असर

यहां बताना लाजिमी होगा कि ग्राम पंचायत सचिवों के अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाने से पंचायत के कई कार्यो पर विपरीत प्रभाव पड़ेगा। जिसमें मुख्य रूप से इन दिनो ग्राम पंचायतों में चल रहे प्रधान मंत्री आवास, मनरेगा योजना सहित अन्य कार्यो में इसका प्रभाव पड़ सकता है। ऐसे में देखने वाली बात होगी की शासन स्तर पर पंचायत सचिवों की अनिश्चित हड़ताल को समाप्त कराने कैसे और कब तक प्रयास किए जाते हैं।

# जलाऊ लकड़ी का अवैध परिवहन करते वाहन जब्त



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

लगातार की शिकवा शिकायतों के बाद वन विभाग ने लकड़ी का अवैध परिवहन करते एक वाहन और उसमें भरी लकड़ी को जप्त किया है। हालांकि विभाग के अमले के हाथ जलाऊ लकड़ी ही लगी है। जबकि सूत्रों की माने तो पूरे वनांचल में कीमती ईमारती पेड़ों की कटाई भी धड़ल्ले से जारी है। विभाग की इस कार्यवाही के बाद इतना तो साफ हो गया है कि लोगों द्वारा जंगलों में चल रही अवैध कटाई, वन अमले की निष्क्रियता को लेकर जो सवाल उठाए जा रहे है वह बिलकुल बाजिब है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कवर्धा वनमंडल के पंडरिया पूर्व परिक्षेत्र अंतर्गत वनक्षेत्र कक्ष क्रमांक पीएफ 515 में अवैध रूप से लकड़ी का परिवहन करते पाए जाने पर लकड़ी सहित प्रयुक्त वाहन को जप्त किया गया। वनमंडलाधिकारी, कवर्धा से प्राप्त जानकारी के अनुसार पंडरिया पूर्व परिक्षेत्र अंतर्गत वनक्षेत्र कक्ष क्रमांक पीएफ 515 परिसर खैरडोंगरी में अज्ञात व्यक्ति द्वारा ट्रेक्टर से जलाऊ लकड़ी परिवहन करने की सूचना मुखबिर से प्राप्त हुई। इस पर त्वरित कार्यवाही करते हुए वनमंडलाधिकारी कवर्धा के निर्देश एवं उप वनमंडलाधिकारी पंडरिया के मार्गदर्शन में वन परिक्षेत्र अधिकारी, पंडरिया पूर्व महेन्द्र कुमार जोशी, परिक्षेत्र सहायक नरसिंहपुर अरूण कुमार दुबे, परिसर रक्षक नरसिंहपुर पूनाराम धुर्वे, परिसर रक्षक खैरडोंगरी श्रीराम गुप्ता, राधेलाल पंद्राम भृत्य, वन सुरक्षा समिति सरैहा के अध्यक्ष तथा सदस्यों की संयुक्त समिति गठित कर 17 मार्च की रात्रि लगभग 11.00 बजे पंडरिया पूर्व परिक्षेत्र अंतर्गत वनक्षेत्र कक्ष क्रमांक पीएफ 515 परिसर खैरडोंगरी में दबिश दी गई। इस दौरान वन विभाग की टीम ने मौके पर भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा 32, 33(1)'क' धारा 41(3), 42, 52 के अनुसार अभिवन (वनोपज) नियम 2001 नियम 03 के अनुसार अवैध परिवहन में प्रयुक्त अन्य मिश्रित प्रजाति के जलाऊ 02 चट्टा सहित वाहन ट्रेक्टर स्वराज 735 एफ ई ट्राली सहित जप्त किया गया। आरोपी वाहन चालक मुकेश पिता रोहित साहू निवासी खैरडोंगरी के विरूद्ध वन अपराध प्रकरण क्रमांक 20815/06 पंजीबद्ध किया गया। प्रकरण में आगे की कार्यवाही जारी है।

### तस्करों से मिलीभगत का आरोप

क्षेत्रवासियों की माने तो इस इलाके के वनरक्षक की मिलीभगत से यहां लकड़ी तस्करी लंबे समय से चल रही थी। 2-4 दिन के अंतराल में ट्रेक्टर के माध्यम से लकड़ी निकाले जाने को लेकर ग्राम सरैहा और कुल्हीडोंगरी वन सुरक्षा समिति के सदस्यों में असंतोष था। इन्हीं लोगों के द्वारा यह मामला उजागर किया। सूत्रों की मानें तो इनके द्वारा मामले को मीडिया में उछाले जाने के कारण ही वन विभाग को कार्यवाही करनी पड़ी अन्यथा ले दे कर मामले को दबाने की भी कोशिश की गई थी।

## विकासखण्ड स. लोहारा में केंद्रीयकृत वार्षिक परीक्षा सुचारू रूप से प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ स. लोहारा

कक्षा 5 वी की केंद्रीयकृत वार्षिक परीक्षा 2024-25 गत मार्च 17 से परीक्षा हो चुकी है। सहसपुर लोहारा विकासखंड के सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी संतोष तिवारी ने बताया है कि जिला शिक्षा अधिकारी योगदास साहू के मार्गदर्शन व बीईओ संतोष भास्कर के नेतृत्व मे केन्द्रीकृत परीक्षा की सभी तैयारी पूर्ण कर विकासखंड के सभी स्कूलों को परीक्षा केन्द्र बनाया गया है। संकुल प्राचार्य के माध्यम से पुलिस थाना व चौकी के स्ट्रांग रूम से प्रश्न पत्र प्राप्त कर केन्द्रों को वितरित करने व्यवस्था की गई है। ब्लाक मुख्यालय के आत्मानंद स्कूल में उत्तर पुस्तिका का बंडल प्रति दिवस जमा करने की व्यवस्था की गई है। सहसपुर लोहारा विकासखंड के 35 संकुलों के विभिन्न स्कूलों में कक्षा पांचवी में 3095 विद्यार्थी परीक्षा मे शामिल हो रहे है वहीं कक्षा आठवी मे 3124 परीक्षार्थी शामिल हो रहे हैं। सहायक विकास शिक्षा अधिकारी देवेंद्र साहू व संतोष तिवारी के नेतृत्व मे उडनदस्ता टीम गठित की गई है। परीक्षा के पहले दिन सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्री तिवारी ने बीरेंद्रनगर रेंगाटोला नवघटा सबरटोला आदि केंद्रों का औचक निरीक्षक किया सभी केंद्रों मे परीक्षा सुचारु व शांतिपूर्ण ढंग से संचालित की जा रही है प्राथमिक शाला बीरेंद्रनगर 68 रेंगाटोला मे 11 सबराटोला 19 व नवघटा प्राथमिक शाला मे 05 परीक्षार्थी शामिल हुए प्रथम दिवस उक्त शालाओं मे एक भी नकल प्रकरण नही मिला।



## अग्निवीर भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन 12 मार्च से प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

भारतीय थलसेना में अग्निवीर के विभिन्न पदों पर भर्ती के लिए अधिसूचना जारी कर दी गई है। अग्निवीर भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 12 मार्च 2025 से शुरू होकर 10 अप्रैल 2025 तक जारी रहेगी। इस भर्ती के तहत जनरल, तकनीकी, क्लर्क, ट्रेडमैन (8वीं व 10वीं), महिला सैन्य पुलिस, और रेगुलर कैडर भर्ती के तहत धर्म गुरू, नर्सिंग सहयोगी और सिपाही फार्मा जैसे पदों पर भर्ती की जाएगी। अधिसूचना के अनुसार, इस बार उम्मीदवार अपनी योग्यता के अनुसार अग्निवीर के दो पदों के लिए आवेदन कर सकते हैं। विशेष रूप से, अग्निवीर क्लर्क के उम्मीदवारों को ऑनलाइन परीक्षा (सीईई) के दौरान टाइपिंग टेस्ट देना होगा। ऑनलाइन परीक्षा (सीईई) जून 2025 में आयोजित किए जाने की संभावना है। इस भर्ती के संबंध में विस्तृत जानकारी के लिए उम्मीदवार भारतीय थलसेना की वेबसाइट पर जा सकते हैं।



## नवनिर्वाचित जिला पंचायत सदस्य रामकुमार भट्ट ने किया क्षेत्र का दौरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 03 के नवनिर्वाचित सदस्य रामकुमार भट्ट मंगलवार को ग्राम पंचायत खैरा तुलसी एवं आश्रित ग्राम विपतपुर पहुंचे। उन्होंने कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों से मुलाकात कर चुनाव में समर्थन और विश्वास जताने के लिए आभार व्यक्त किया। ग्राम खैरा तुलसी पहुंचने पर कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों ने फूलमालाओं से भव्य स्वागत किया। इस दौरान रामकुमार भट्ट ने कहा, आप सभी ने जो मुझ पर विश्वास जताया है और जिला पंचायत में प्रतिनिधित्व करने का अवसर दिया है, उसके लिए मैं हृदय से आभारी हूं। मैं पूरी प्रतिबद्धता के साथ आपके विश्वास पर खरा उतरूंगा। इस अवसर पर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य किसान मोर्चा एवं जिला प्रभारी बेमेतरा दिनेश मिश्रा, सरपंच गोविंद वैष्णव, उपसरपंच श्रवण धृतलहरे, आलोक शर्मा, पंचगण रघुनंदन वैष्णव, रमा यादव, कालिदास सहित भाजपा कार्यकर्ता और ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।



कृषि विज्ञान केन्द्र, कवर्धा व छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद, रायपुर का कार्यक्रम

## रामपुर में एक दिवसीय कृषक प्रशिक्षण सह प्रक्षेत्र दिवस का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

कृषि विज्ञान केन्द्र, कवर्धा और छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद, रायपुर के संयुक्त तत्वावधान में ग्राम रामपुर में एक दिवसीय कृषक प्रशिक्षण सह प्रक्षेत्र दिवस का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में कबीरधाम जिले के ग्राम पंचायत रामपुर, विकासखंड सहसपुर लोहारा के सैकड़ों किसानों और महिला समूह की सदस्य उपस्थित थे। मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद के वैज्ञानिक महेन्द्र कुमार चंद्रवंशी ने कृषकों को संबोधित करते हुए जल संकट को ध्यान में रखते हुए जल संरक्षण पर जोर दिया और मिलेट्स (बाजरा, रागी आदि) की खेती को बढ़ावा देने की अपील की। उन्होंने समन्वित कृषि प्रणाली को अपनाकर कृषकों की आर्थिक स्थिति में सुधार करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही, मिलेट्स प्रसंस्करण और मूल्य संवर्धन के माध्यम से उद्यमिता विकास के अवसरों को विस्तार से बताया, जिससे कृषक न केवल अपनी आय में वृद्धि कर सकें, बल्कि नए उत्पादों के प्रसंस्करण से आजीविका के नए अवसर प्राप्त कर सकें। कृषि विज्ञान केन्द्र, कवर्धा के वरिष्ठ वैज्ञानिक और प्रमुख डॉ. बीपी त्रिपाठी ने प्रशिक्षणार्थियों को मशरूम उत्पादन तकनीक, रबी फसलों में समन्वित रोग एवं कीट प्रबंधन, कड़कनाथ एवं बटेर पालन के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इसके बाद, प्रशिक्षण प्रभारी वैज्ञानिक डॉ. एनसी बंजारा ने उद्यानिकी फसलों में उन्नत सब्जी उत्पादन तकनीक, फल बागान स्थापना, फूलों की खेती, कीचन गार्डन और फसलों के प्रसंस्करण एवं मूल्य संवर्धन के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कम जल संचय करने वाली फसलों को अपनाने के लिए भी कृषकों को प्रेरित किया। विषय विशेषज्ञ, कृषि अभियांत्रिकी इंजी. टीएस सोनवानी ने कृषि में यंत्रीकरण के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। डॉ. बी.एस. परिहार, सस्य विज्ञान के विशेषज्ञ ने खरीफ फसलों से पहले खेत की गहरी जुताई, उन्नत बीजों का चयन, प्राकृतिक खेती, उर्वरक प्रबंधन और सिंचाई प्रबंधन के बारे में जानकारी दी।



## जिला उड़नदस्ता दल ने 12वीं बोर्ड की परीक्षा के दौरान परीक्षा केन्द्रों में दी दबिश, नहीं मिले नकलची

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित हायर सेकेंडरी स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा 2025 (कक्षा 12वीं) के अंतर्गत विज्ञान संकाय से रसायन शास्त्र, कला संकाय से राजनीति विज्ञान और वाणिज्य संकाय से लेखाशास्त्र विषयों के परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण जिला उड़नदस्ता दल द्वारा किया गया।

यह निरीक्षण कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी के उड़नदस्ता दल क्रमांक 02 द्वारा सहायक संचालक यूआर चन्द्राकर के नेतृत्व में किया गया। दल के अन्य सदस्यों में सतीश यदु एमआईएस प्रशासक और व्याख्याता भगवती हठीले शामिल थे। निरीक्षण के दौरान सहसपुर लोहारा विकासखंड के विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया गया, जिनमें शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय उड़िया खुर्द, सेजेस स.लोहारा और शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सिल्हाटी शामिल थे।

इसके अलावा, कक्षा आठवीं के केन्द्रीकृत मूल्यांकन परीक्षा केन्द्रों का भी निरीक्षण किया गया। इन केन्द्रों में शासकीय पूर्व माध्यमिक स्कूल महराजपुर, शासकीय पूर्व माध्यमिक स्कूल उड़िया खुर्द और शासकीय पूर्व माध्यमिक स्कूल सिल्हाटी शामिल थे। निरीक्षण के दौरान यह पाया गया कि परीक्षा सुचारू रूप से, सुव्यवस्थित और शांतिपूर्ण तरीके से संचालित हो रही थी। परीक्षा केन्द्रों में समुचित पेयजल, उचित प्रकाश व्यवस्था, प्रसाधन और पर्याप्त फर्नीचर की उपलब्धता सुनिश्चित की गई थी। इसके अलावा, परीक्षा कक्षों में पर्यवेक्षकों के रूप में विषय, संकाय के शिक्षकों को अनिवार्य रूप से उनकी परीक्षा कक्ष में पर्यवेक्षक का दायित्व न सौंपने के निर्देश दिए गए।

निरीक्षण के दौरान किसी भी प्रकार के अनुचित साधन का उपयोग करने वाले परीक्षार्थी पाए नहीं गए। हालांकि, केन्द्रों में ग्लूकोज और प्राथमिक उपचार सामग्री उपलब्ध रखने के लिए सुझाव दिया गया। बोर्ड द्वारा निर्धारित प्रपत्रों और पंजियों का समुचित संधारण किया जा रहा था, जिससे परीक्षा प्रक्रिया की पारदर्शिता और विश्वसनीयता बनी रही।